# हर वर्ष पैदा हो रहे थैलेसीमिया पीड़ित सात से 10 हजार बच्चे

**8 मई विश्व थैलेसीमिया दिवस**

**● समाजसेवी अंकित राजगढ़िया थैलेसीमिया को खत्म करने की लड़ रहे लड़ाई**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** थैलेसीमिया यह एक अनुवांशिक रक्त रोग हैं। इस रोग के कारण रक्त / हीमोग्लोबिन निर्माण के कार्य में गड़बड़ी होने के कारण रोगी व्यक्ति को बार-बार रक्त चढ़ाना पड़ता हैं। भारत में हर वर्ष 7 से 10 हजार बच्चे थैलेसीमिया से पीड़ित पैदा होते हैं। यह रोग न केवल रोगी के लिए कष्टदायक होता है बल्कि सम्पूर्ण परिवार के लिए कष्टों का सिलसिला लिए रहता हैं। यह रोग अनुवांशिक होने के कारण पीढ़ी दर पीढ़ी परिवार में चलती रहता हैं। इस रोग में शरीर में लाल रक्त कण / रेड ब्लड सेल( आर.बी.सी.) नहीं बन पाते है और जो थोड़े बन पाते है वह केवल अल्प काल तक ही रहते हैं। थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को बार-बार खून चढाने की आवश्यकता पड़ती है और ऐसा न करने पर बच्चा जीवित नहीं रह सकता हैं। इस बीमारी की सम्पूर्ण जानकारी और विवाह के पहले विशेष एहतियात बरतने पर हम इसे आनेवाले पीढ़ी को होने से कुछ प्रमाण में रोक सकते हैं।

**भारत की 3.4 प्रतिशत थैलेसीमिया ग्रस्त**



इंग्लैंड में केवल 360 बच्चे इस रोग के शिकार हैं, जबकि पाकिस्तान में 1 लाख और भारत में करीब 10 लाख बच्चे इस रोग से ग्रसित हैं। थैलेसीमिया रोग का एक भी डॉक्टर (रक्त रोग विशेषज्ञ यानी हेमोटोलॉजिस्ट) झारखंड में नहीं है। ऐसे में मरीजों को इलाज के लिए दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, वेल्लोर, पुणे जाना पड़ता है। वहां कुछ ही मरीज पहुंच पाते हैं, जिनके पास पैसा होता है। शेष की जिंदगी किसी तरह कट रही है। अंकित ने राज्य में थैलेसीमिया को रोकने के लिए शादी से पहले थैलेसीमिया जांच अनिवार्य करने के कानून बनाने की मांग की ,साथ ही गर्भावस्था के दौरान गर्भवती महिलाओं के थैलेसीमिया जांच अनिवार्य करने की मांग इसके साथ ही धनबाद पीएमसीएच में थैलेसीमिया की जीवनरक्षा हेतु थैलेसीमिया डे केयर सेंटर की मांग की है।आपको बता दे कि अंकित पिछले 5 साल से धनबाद में थैलेसीमिया बच्चो के जीवन बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे है।

## बीएसएल में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम

**बोकारो।** एचआरडी सेंटर में आयोजित अवेयरनेस ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड इंडस्ट्री.4.0 के समापन कार्यक्रम में प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसए मशीन लर्निंग तथा अन्य आधुनिक तकनीकों की विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। मौके पर ईडी ;संकार्यद्ध बी के तिवारीए ईडी ;पी एंड एद्ध राजन प्रसादए सीजीएम ;सी एवं एद्ध बी के सरतापेए सीजीएम ;मा०सं०विद्ध मनीष जलोटा सहित प्रतिभागी उपस्थित थे। आईआईटीए कानपुर के विशेषज्ञ नंदन मिश्रा ने एक प्रस्तुतीकरण से सभी 15 बैचों के प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा इसके क्रियान्वयन की जानकारी दी। ईडी श्री तिवारी ने कहा कि संयंत्र मे डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के क्रियान्वयन की अपार संभावनाएं हैंए जिससे हम अपने प्रोसेस को सरल बना सकते है। राजन प्रसाद ने सभी प्रतिभागियो को अपने कार्यस्थल पर क्रियान्वित करने का आह्वान किया।

## कोल इंडिया सुरक्षा समिति बोर्ड के सदस्य बने रामधारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ (भारतीय मजदूर संघ) के महामंत्री रामधारी को कोल इंडिया स्तरीय सुरक्षा समिति बोर्ड के सदस्य मनोनीत किया गया है। इस संबंध में अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के महामंत्री सुधीर घुरडे ने कोल इंडिया अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को पत्र जारी किया है।कोल इंडिया के द्वारा संचालित अनुसांगिक इकाइयों के सभी कोयला खदानों की सुरक्षा संबंधी निरीक्षण एवं देख रेख करने की जिम्मेदारी दी गई है।कोल इंडिया सेफ्टी बोर्ड सदस्य मनोनयन पर रामधारी ने कहा कि संगठन ने कोल इंडिया स्तरीय सुरक्षा संबंधी जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है।

उसका मैं शत- प्रतिशत निर्वहन करने का प्रयास करूंगा। खदानों में सुरक्षा उपायों को पूर्णतः लागू कराने के लिए प्रबंधन को हमेशा ध्यानाकर्षित करता रहूँगा ताकि शून्य दुर्घटना को प्राप्त किया जा सकें।भौरा क्षेत्र में सिनीयर माईनींग सरदार पद पर कार्यरत रामधारी की नेतृत्व क्षमता और ईमानदारी पूर्वक निस्वार्थ भाव से मजदूरों के लिए काम करने की भाव एबं संगठन एवं मजदूर हित में किए गए कार्यों से प्रभावित होकर धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के अधिवेशन में महामंत्री का दायित्व दिया गया। साथ ही बीसीसीएल केंद्रीय सलाहकार समिति के सदस्य बनाया गया साथ ही आज पूरे कोल इंडिया के सुरक्ष बोर्ड में मनोनयन से कार्यकताओं में आज खुशी की लहै। रामधारी को कोलइंडिया स्तर क सुरक्षा समिति का सदस्य बनाये जाने पर बीसीसीएल के कामगारों हर्ष का माहौल है। रामधारी ने कहा कि धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ से पहली बार महामंत्री को कोल इंडिया सेफ्टी बोर्ड सदस्य के रूप में प्रतिनिधित्व दिया है, ये धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के लिए गौरव की बात है। अब संगठन और मजबूती के साथ मजदूरों की समस्याओं के निराकरण के लिए काम करेगी। कोल इंडिया सेफ्टी बोर्ड सदस्य मनोनित होने पर धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों सहित संघ के अनेकों कार्यकताओं ने बधाई एव शुभकामना दी है।

## स्पीड न्यूज

### राहगीरों के बीच शीतल शरबत का वितरण

**केंदुआ ।** रविवार को श्री श्री सत्यनारायण ठाकुरबाड़ी मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में केंदुआबाजार जेवर पट्टी गोपाल ज्वेलर्स के निकट आम राहगीरों के लिए शीतल शर्बत का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मंदिर के पुजारी रमेश तिवारी समाज सेवी राम गोपाल भुवानिया, मंदिर सेवा समिति के सदस्य पंकज भुवानिया, अनिल सिंघल शंकर बंसल सहित सहयोग के रूप में अरुण मित्तल, मिट्ठू बंसल हर्ष अग्रवाल, प्रकाश, झानू, शंकर , मोनू लक्ष्मी आदि का सहयोग मिला शरबत वितरण में मंदिर सेवा समिति द्वारा आनंद सब के लिए के तहत विगत 5 हफ्तों से प्रत्येक हफ्ते के रविवार एवं गुरुवार को शरबत वितरण किया जा रहा है जिसका आम नागरिकों ने काफी सराहना की जा रही है।

### महिला की गले से चेन की छिनतई

**बाघमारा।** भीमकनाली कॉलोनी मे रहने वाली एक महिला से शनिवार रात बाईक सवार अपराधियो ने गले से सोने की चैन छिनतई कर लिया। घटना रात आठ बजे के आस पास बताई जा रही है। स्थानीय लोगो ने घटना की सूचना बाघमारा पुलिस को दे दी है। पीड़ित महिला सरोजनी देवी ने बताया कि बाईक सवार दो युवको ने बाजार से घर जाने के क्रम मे गले के चैन को झपटा मारकर छीनने लगे। जब महिला चीखने चिल्लाने के साथ विरोध करने लगी,तो बाईक सवार अपराधियो ने भागने के क्रम मे चैन का आधा हिस्सा ही हाथ लगा। महिला ने हिम्मत दिखाते हुए चैन का एक हिस्सा जोर से पकड़ी रही।

### फुसरो: सड़क हादसे में युवक की मौत

**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत बेरमो थाना के समीप हाईवा ने युवक को धक्का मारा। जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि हाईवा फुसरो कि और से जैनामोड की ओर जा रहा था। इसी क्रम में युवक को धक्का मारा जिससे युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही बेरमो थाना के सुभाष कुमार पूरे दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर केंद्रीय अस्पताल ढोरी पहुंचा दिया। मृतक युवक की पहचान मनजी सिंह पिता अवधेश सिंह निवासी धारुपुर पोखराएबिक्रमगंज जिला रोहतास बिहार का बताया जाता है।

### बाल्मिकी समाज 31 को जंतर-मंतर पर देगा धरना

**धनबाद।** विश्व बाल्मीकि समाज ने आंध्र प्रदेश में बाल्मीकि समाज को आरक्षण नहीं मिलने पर विशाल धरना 31 मई को दिल्ली के जंतर मंतर में दिया। विशाल बाल्मीकि ने कहा झारखंड के सभी बाल्मीकि समाज के लोगों से अनुरोध है विश्व वाल्मीकि समाज 31 मई को दिल्ली चले और अपने समाज के लिए धरना में शामिल हो ताकि अपने समाज के लोगो को आरक्षण मिल सके।

### हाइवा की चपेट में आने से युवक की मौत

**केंदुआ।** केन्दुआडीह थाना क्षेत्र के एन एच 32 के धनबाद बोकारो मुख्य मार्ग गन्साडीह के समीप हाइवा के चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत घटना स्थल पर ही हो गई। घटना में युवक का हेल्मेट चुर हो गया। सर बुरी तरह फट गया। सड़क दुर्घटना शनिवार देर रात की है। खाली हाइवा कुसुन्डा साइडिंग से कोयला खाली कर अलकुशा कोलियरी कोयला लोडिंग के लिए हाइवा पूरे तेज रफ्तार में जा रही थी। हाईवा गाड़ी न0 जेएच 10 सिक्यु 0324 ने मोटरसाइकिल न0 जेएच 10 बिभी 5610 को पीछे से धक्का मारते हुए मोटरसाइकिल में सवार युवक को करीब दो सौ मीटर तक घसीटते हुए ले गई। आक्रोशित लोगो ने अनियंत्रित हाइवा चलाने के विरोध में धनबाद बोकारो मुख्य मार्ग जाम कर सभी गाड़ियो को रोक दिया। केन्दुआडीह पुलिस मौके पर पहुँच युवक का शव ओर हाईवा को अपने अन्दर ले कर एक थाना लाई है।युवक की पहचान नीरज पटवारी लगभग 30 वर्ष पिता सत्यनारायण पटवारी महुदा बाजार राधा नगर निवासी है। मृतक सारयाढेला प्रेम सन होन्डा शो रूम में काम करता है।

## एनएच 32 बालीडीह टॉल प्लाजा में 1033 एंबुलेंस का हुआ शुभारंभ

**नेशनल हाईवे में दुर्घटना होने पर इस सेवा का सीधा लाभ जनता को निशुल्क मिलेगा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो जिलान्तर्गत जरीडीह प्रखंड के एनएच 23 बालीडीह टॉल प्लाजा में 1033 निशुल्क एम्बुलेंस सेवा का उद्घाटन हुआ। इस दौरान 1033 एम्बुलेंस के जिला प्रबंधक श्री अशोक राणा ने कहा कि नेशनल हाईवे में किसी भी तरह की दुर्घटना होने पर इस सेवा का सीधा लाभ जनता को निशुल्क मिलेगा। इस विषय में श्री राणा का कहना है कि इस सेवा का संचालन जिकितजा हेल्थ केअर लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है जो इस क्षेत्र में पहली बार निशुल्क 1033 एम्बुलेंस सेवा होगी। नेशनल हाइवे पर बढ़ती दुर्घटनाओं से घायल व्यक्ति को समय पर ईलाज मिलने से जिंदगी बच सकती है। इसी क्रम में यह निःशुल्क 1033 एम्बुलेंस सेवा प्रारम्भ की गई है। मौके पर श्री राणा का यह भी कहना था कि ये सेवाएं सिर्फ नेशनल हाईवे में होने वाली आकस्मिक दुर्घटना में राहत के कार्य के लिए की जाएगी पर किसी की जान बचाने के लिए कोई भी नियम मानवीयता की कीमत पर मान्य नहीं है।

## खुशहाल बोकारो के लिए मोटा अनाज पर कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** खुशहाल बोकारो के सौजन्य से बढ़ती आबादी के लिए खाद्य सुरक्षा के मुद्दे पर एक परिचर्चा आयोजित की गई जिसमें जिला प्रशासन के बाल विकास समूहए आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाए सखी बहिनपा मिथिलानी समूह सहित कई अन्य संगठन से जुड़े लोगों ने ग्रामीण किसानों के साथ भविष्य में बढ़ती आबादी और स्वास्थ्य के लिए खाद्य सुरक्षा के लिए मोटा अनाज अपनानेए उगाने और सही तरीके से मोटा अनाज ;मिलेटद्ध के सभी प्रकार के व्यंजन बनाने को लेकर प्रशिक्षण विषय पर जानकारों ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इंडिया मिलेट इनिशिएटिव के



संस्थापक चेयरमैन डॉ सत्येन्द्र यादव ने विभिन्न प्रकार के मोटा अनाज की विशेषता की महत्वपूर्ण जानकारी दी और कहा कि गेहूं का कमए मोटा अनाज का अधिक उपयोग करने से सभी प्रकार के पोषक तत्व शरीर को मिलते हैं। कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिका सुनीता कुमारीए शालिनी कुमारीए सेविका बिंदु कुमारीए कुमारी इंदू के साथ अनेक सेविका उपस्थित थीं। खुशहाल बोकारो अभियान के श्री झा ने मिलेट से बने सामानों की उपलब्धता और डॉ यादव के मार्गदर्शन में नए.नए व्यंजन बनाये जाने की जानकारी दी। सीडीपीओ ममता साह और रीना गुप्ता ने कहा कि इस अभियान को गंभीरता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर करुणा सिंहए उषा झाए नूतनए संगीताए सबिताए नमिताए मीरा मिश्रए पूनम उपस्थित थीं।

## नंदलाल बने नागरिक समिति के अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** समाजसेवी एवं उद्योगपति नंदलाल अग्रवाल गोविंदपुर की सबसे पुरानी सामाजिक संस्था नागरिक समिति के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। रविवार को पन्नालाल सलूजा कंपलेक्स बीच बाजार में हुए चुनाव में समिति की संरक्षक एवं चुनाव पर्यवेक्षक वरीय अधिवक्ता जया कुमार ने उनके निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की। श्री अग्रवाल के खिलाफ अन्य किसी सदस्य ने अध्यक्ष पद की दावेदारी नहीं की। इस अवसर पर आयोजित आमसभा की अध्यक्षता किशन अग्रवाल, संचालन आनंद जयसवाल एवं धन्यवाद ज्ञापन संजय साव ने किया ने किया। डॉ यूएल विश्वकर्मा ने सत्र 2023 -- 26 की चुनावी प्रक्रिया से सभी को अवगत कराया । निर्वाचित अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल को 10 दिनों में पूरी कार्यकारिणी का गठन करने की जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि सदस्यों ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है और विश्वास जताया है उस पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे । समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर गोविंदपुर की विभिन्न समस्याओं के समाधान की कोशिश करेंगे।



**मौके पर थे मौजूद**

मौके पर पवन लोधा, सुरेश सरिया, जयप्रकाश मिश्र, मोहन बंसल, ओम प्रकाश बजाज, शंभू प्रसाद भगत, जितेश जायसवाल, राजेश दुदानी, अनूप साव , मोबिन अंसारी, मोइन अंसारी, आरसी मिश्रा, डॉ आरके शर्मा, मदन दसौंधी, अनंत बर्मन, बबलू बिष्टु , संदीप विश्वकर्मा, रवि मेहरिया, रोशन अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अमल दत्ता, हरिओम बंसल, हिरेन मंडल समेत दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

## कवि गुरु रविंद्रनाथ टैगोर की जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** रविवार को कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर की 162 वीं जन्म जयंती के अवसर पर पूर्व मध्य रेलवे भारत स्काउट्स और गाइड्स के सहयोग से टैगोर सोसाइटी ऑफ धनबाद ने जिला स्काउट डेन धनबाद में एक उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। उक्त कार्यक्रम अपने आप में अनोखा है क्योंकि कविगुरु से संबंधित धनबाद में यह एकमात्र सांस्कृतिक कार्यक्रम है जो सुबह 6.00 बजे से शुरू होता है और पिछले 40 साल से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा रचित ₹हे नूतन₹ गीत के साथ हुई इसके बाद इस इलाके और कोलकाता के कलाकारों द्वारा रवींद्र संगीत, सस्वर पाठ और नृत्य प्रस्तुत किया गया। टैगोर सोसाइटी ऑफ धनबाद की अध्यक्ष देबजानी विश्वास एवं सचिव सुदीप चटर्जी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।



## कांड्रा में कांग्रेस कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन

**गोविंदपुर।** धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमेटी ने रविवार को बेतिया पंचायत अंतर्गत कांड्रा में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया। अध्यक्षता जिला सचिव हेमन्ती जायसवाल ने की। मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश सचिव वैभव सिन्हा व महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सीता राणा का अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर बुलो देवी, साबिया देवी, लक्ष्मी देवी, लक्खी देवी, संतोरी मांझी, राचिक देवी, बस्ती देवी, रीना देवी, रीता देवी, बबिता देवी, अनिता देवी, पूनम देवी, होलिका देवी, पखडा देवी आदि ने महिला कांग्रेस की सदस्यता ली। जिलाध्यक्ष सीता राणा ने माला पहनाकर उनका महिला कांग्रेस में स्वागत किया। वैभव सिन्हा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण से ही समाज व राष्ट्र मजबूत होगा। महिलाओं की भूमिका को नजरअंदाज नही किया जा सकता है। अगर महिलाएं चाहे तो समाज की तसवीर बदल सकती है। आज महिलाओं को समाज के मुख्यधारा से जुड़ कर काम करना होगा । सीता राणा ने कहा कि महिलाओ को अपने शक्ति की पहचान करनी होगी। घर से लेकर राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं को अपनी शक्ति के अनुरूप सामने आने की जरूरत है। मौके पर रूबी खातून, गीता सिंह, पूनम देवी, रिंकू कुमारी, कुसमी देवी, शाहीना बानो, गुड़िया देवी, लक्ष्मी देवी, अजमेरी खातून, नूतन विश्वकर्मा आदि मौजूद थी।

## बीएसएल निदेशक प्रभारी ने विजयी प्रतिभागियों को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के एचआरडी सेंटर में बिजनेस एक्सीलेंस विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश ने ईडी बी के तिवारीए सी आर महापात्राए एस रंगानीए ए श्रीवास्तवए राजन प्रसादए विभिन्न विभागों के सीजीएमए विभागाध्यक्षए अन्य वरीय अधिकारीए बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में आईसीक्यूसीसी ;हैदराबादद्ध. 2021ए आईसीक्यूसीसी ;जकार्ताद्ध. 2022ए एनसीक्यूसी.21ए एनसीक्यूसी. 22ए राष्ट्रीय विश्वकर्मा पुरस्कार. 2018ए 5.एस नेशनल कॉन्क्लेव.2022ए सीआईआई प्रोडक्टिविटी अवार्डए तथा निबंधए स्लोगनए एलोक्यूशन एवं क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया। अनुपमा तिवारी ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के बारे में बताया। निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश ने पुरस्कार विजेताओं की इस उपलब्धि पर बधाई दी और उन्हें इसी उत्साह से आने वाले समय में इस उपलब्धि के इस क्रम को और आगे ले जाने का आह्वान किया। बीएसएल के कैपिटल रिपेयर की टीम को विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार.2018 का विजेता घोषित किया गया था।



## लालमणि आश्रम में दिखा सेवा-प्यार का अद्भुत नजारा

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** रविवार 7 मई को लालमणि वृद्ध सेवा आश्रम में निरंतर आस्था रखने वाले सहयोगी नगर सेक्टर 3 के निवासी विश्वनाथ चटर्जी के 5 वर्षीय पुत्र रियांश चटर्जी का जन्मदिन विश्वनाथ के पूरे परिवार दोस्तों एवं आश्रम के समस्त वृद्धजनों संग केक काटकर मनाया गया। एमपीएल के अधिकारी एवं गोलोक एक्सप्रेस के अनुयायी काजल कुमार सिंह ने वृद्धजनों को राशन का सामान प्रदान किया। रविवार को आश्रम का माहौल वृद्धजनों के लिए बहुत ही आनंदमय था जब उन्होंने महसूस किया कि बहुत सारे सेवाकर्ता अपना समय निकालकर उनकी सेवा के लिए उपहार, स्वादिष्ट भोजन के साथ साथ बहुत ही कीमती अपना प्यार, स्नेह और सम्मान लेकर आए हैं। वृद्धजनों ने सभी को अपना हार्दिक आशीर्वाद दिया। आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने आश्रम के वृद्धजनो के सभी सेवाकताओं का हार्दिक अभिनंदन एवं आभार व्यक्त किया। कहा आश्रम के प्रति धनबाद वासियों के इसी प्यार और सहयोग के कारण आश्रम के माताओं पिताओं के चेहरों में खुशियां झलकती है इसी कारण इनकी सेवा की इच्छा कितनी ही मुश्किल में और बढ़ जाती है।



**मौके पर थे मौजूद**

आश्रम में बीसीसीएल के केंद्रीय सलाहकार समिति के सदस्य एवं पूर्व अधिकारी रमेंद्र तिवारी, एमपीएल के अधिकारी एवं गोलोक एक्सप्रेस के अनुयायी काजल कुमार सिंह, डीएवी स्कूल कुसुंडा के पूर्व प्राचार्य एवं आश्रम के सलाहकार एसएस हाजरा, समाजसेवी ओमकार मिश्रा, आश्रम अध्यक्ष नौशाद गद्दी, गोलोक एक्सप्रेस की कंचन बेओत्रा, अंजू प्रभा, तथा आश्रम के सेवाकर्ता तारक नाथ घोष, सोमनाथ चटर्जी, देवाशीष विश्वास, गोपाल चट्टोराज, पिंटू घोष, गोपाल चक्रवर्ती, प्रतिमा घोष, अद्दति घोष समेत आश्रम प्रबंधन के सदस्य वृद्धजनों की सेवा में उपस्थित थे।

## एक नजर में

### कथारा सीसीएल गेस्ट हाउस में पत्रकार एकता मंच की बैठक

**बेरमो/कथारा।** प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को निर्धारित मासिक बैठक को लेकर सीसीएल कथारा गेस्ट हाउस में पत्रकार एकता मंच के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों की एक अहम बैठक सम्पन्न हुई जिसमे सबसे पहले बीते दिनों दैनिक हिन्दुस्तान अखबार सह तेनुघाट डिग्री कॉलेज के व्याख्याता अजीत सिंह कि अकासमिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें सभी उपस्थित पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शांति की कामना की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से संगठन की मजबूती और विस्तार पर चर्चा की गई तथा कई अहम निर्णय भी पारित की गई। जबकि इस बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष जगदीश महतो तथा संचालन संगठन के कोषाध्यक्ष वीरमणी पांडेय द्वारा किया गया। बैठक में सभी सदस्यों ने अपने अपने राय रखे जिसके बाद बैठक की समाप्ति की गई। बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों के अलावे संगठन के सचिव विजय कुमार सिंह आर पी सिंह एस पी सकशेना संदीप कुमार संतोष कुमारए जगदीश भारतीए चन्द्रशेखर कुमारए मो साबिर अंसारी उपस्थित थे।

### बीओआई के आंचलिक प्रबंधक ने जताया आभार

**बोकारो।** बैंक ऑफ इंडिया बोकारो अंचल सभागार में आयोजित बैठक में आंचलिक प्रबन्धक सी गोपाला कृष्णा ने वित्तीय वर्ष 2022.23 में 4023 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी सदस्यों को उनके कार्यों और बैंक के व्यवसाय को एक नए मुकाम पर ले जाने के लिए धन्यवाद दिया। साथ हीए बैंकिंग सेवा को एक नए स्तर पर ले जाने तथा व्यवसाय में निरंतर वृद्धि पर विशेष बल दिया गया। मौके पर बैंक के उप आंचलिक प्रबन्धक लक्ष्मी नारायण डगरा ने वित्तीय वर्ष 2022.23 के परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होने बताया कि बैंक का शुद्ध लाभ वर्ष.दर.वर्ष 18.15 प्रतिशत वृद्धि के साथ 4023 करोड़ रुपये हो गया है। परिचालन लाभ वर्ष.दर.वर्ष 34ण्09ः वृद्धि के साथ 13ए393 करोड़ रुपये हो गया है। बैंक का वैश्विक व्यवसाय वर्ष.दर.वर्ष 9ण्27ः की वृद्धि के साथ 11ए85ए438 करोड़ रुपये हो गया है। उक्त बैठक में अंचल के सभी स्टाफ सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर आंचलिक प्रबन्धक ने बैंक के सम्मानित ग्राहकों एवं स्टाफ सदस्यों के प्रति आभार एवं हर्ष प्रकट किया।

### त्रियोनाला भोक्ता व मंडा पर्व में गोमिया के पूर्व व वर्तमान विधायक हुए शामिल

**बोकारो/ कसमार।** कसमार प्रखंड अन्तर्गत हिसीम पंचायत के त्रियोनाला गांव के नीचे टोला शिवालय मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय मंडा पर्व का समापन धूमधाम से संपन्न हुआ। शिवालय भोलेनाथ के जयकारे से गूंजता रहा। मंडा पर्व के अवसर पर गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो तथा गोमिया की पूर्व विधायक बबीता देवी ने शिवालय मंदिर में मत्था टेककर क्षेत्र की सुख शांति व समृध्दि की कामना की। मौके पर बबीता देवी को लोंगो ने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में आये श्रध्दालुओं ने दूध व जल से शिव लिंग पर जलाभिषेक किया। त्रियोनाला शिवालय में अहले सुबह शिव भक्तियाओं ने पीठ पर लोहे हुक छेदन के बाद भोक्ता खूंटे के ऊपर घुमने की विधि पूरी की । टांगटोना शिवालय मंदिर में आयोजित छऊ नृत्य का गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने उद्घाटन किया। मौके पर 20सूत्री प्रखंड अध्यक्ष दिलीप हेंब्रमए हिसीम पं स स सह सक्रिय समाजसेवी जगेश्वर मुर्मूए टांगटोना के पूर्व मुखिया राजेन्द्र नाथ महतोए जगरनाथ महतोए चमन किशोर महतो ए जयनंदन महतोए बालेश्वर वेदियाए जगेश्वर हेंब्रम ए नरेश करमालीए कोलेशवर किस्कुए भोला सोरेन ए कालीदास मरांडीए फेकन करमालीए सुरेश मुर्मू आदि उपस्थित थे।

### श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र का सत्संग समारोह

**बेरमो/फुसरो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के शास्त्री नगर में स्थानीय निवासी नेमीचंद गोयल के आवास मे श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के गुरु भाइयों के द्वारा बंदे पुरुषोत्तम और शंख ध्वनि मंत्र उच्चारण के साथ प्रार्थना धर्म ग्रंथ पाठ किया गयाण सत्संग में भजन कीर्तन के साथ.साथ ठाकुर जी के आदर्शों पर चर्चा की गईण सत्संग में उपस्थित दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि सद्गुरु के सरना पन रहो सतनाम मनन करो सत्संग का आश्रय ग्रहण करो मैं निश्चय कहता हुँ तुम्हें अपना उन्नयन के लिए सोचना नहीं पड़ेगाण कहा कि आज के परिवेश में लोग एक दूसरे से दूरी बनाते जा रहे हैंए आमने सामने बात करने से भी कतराते हैं परिवारिक जीवन भी उलझता जा रहा हैण ऐसे में लोग सत्संग का सहारा लेकर उसके बताए गए मार्ग पर चलकर लोगों से जोड़ने का कार्य करेंण मौके पर शम्भु प्रसादए शंकर सिन्हाए सेलवनए भोक्ति दाए अरुण स्वर्णकारए मनोज गोयलए उमा देवीए रामलाल गोस्वामीए रवींद्र सिंह आदि लोग मौजुद थे।

### संथाल आदिवासी समाज का बोर्डगड़ी कार्यक्रम

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखंड के ग्राम धवैया में संथाल आदिवासी समाज के द्वारा रविवार को बोर्डगाड़ी कार्यक्रम करने हेतू ग्राम सभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक अध्यक्षता ग्रामप्रधान मांझी हड़ाम तालेश्वर किस्कु ने किया।यहां ग्राम सभा द्वारा जारी अधिसूचना स्थापना आयोजित बोर्ड गार्डी कार्यक्रम में गोमिया विधायक लम्बोदर महतो बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।इस दौरान आदिवासी समाजके लोगों ने आदिवासी रीति रिवाज के साथ विधायक श्री महतो को ढोल.मंदार के साथ जोरदार स्वागत किया। मुख्य अतिथि विधायक ने कहा अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी धवैया वन अधिकारों का मान्यता अधिनियम. 2006एवं संतोषित नियम2012तहत यह हमारा संसाधन क्षेत्र है। सरकार इस संसाधन क्षेत्र का हक व अधिकार हर ग्रामीणों को देना होगा।

# गुमला में दम तोड़ रही चिकित्सा व्यवस्था, घाघरा में लाखों खर्च कर लगा ऑक्सीजन प्लांट हुआ बेकार

**प्रवीण साहु विक्की**

**घाघरा (गुमला)।** लोगों की जीवन रक्षा के लिए घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सरकार द्वारा लाखों रुपये खर्च कर लगाया गया ऑक्सीजन प्लांट ऑक्सीजन की आशा में बेकार पड़ा हुआ है। वहीं, स्वास्थ्य केंद्र में गंभीर मरीजों की सेवा के लिए उपलब्ध एंबुलेंस व्यवस्था भी दम तोड़ती नजर आ रही है।

सरकार ने आनन-फानन में लाखों रुपये खर्च कर स्वास्थ्य केंद्र में ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की। पूरे अस्पताल में इस प्लांट का कनेक्शन भी किया गया, लेकिन जंग खाती व्यवस्था के कारण मरीजों को ऑक्सीजन देना संभव नहीं हो पाया। लगभग एक वर्ष पूर्व लगा ऑक्सीजन प्लांट अब तक चालू ही नहीं किया गया, जो विभागीय कार्य पद्धति की खराब स्थिति को दर्शाता है।

घाघरा और बिशुनपुर प्रखंड में प्रतिदिन हजारों बॉक्साइट ट्रक सहित अन्य वाहनों का प्रचालन होते रहता है। इस कारण नित्य दिन कहीं न कहीं सड़क दुर्घटना होते रहती है। दुर्घटना की स्थिति में कई बार मरीज को ऑक्सीजन की बहुत जरूरत होती है। इस कारण ऑक्सीजन प्लांट की आवश्यकता है। कोविड 19 महामारी के दौरान कोरोना संक्रमण से पीड़ित लोगों को ऑक्सीजन की कमी का सामना नहीं करना पड़े, इसलिए घाघरा में ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया था। यहां बता दें कि शनिवार की देर शाम एक सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन लोग घायल हुए थे, जिन्हें अस्पताल में लाया गया। वहां मरीज की स्थिति को देख ऑक्सीजन की जरूरत हुई, लेकिन अस्पताल में ऑक्सीजन नहीं मिला। एक बिजली से संचालित छोटी मशीन से ऑक्सीजन एक बच्ची को लगाया गया, जो काम कम कर रहा था। ऑक्सीजन की कमी के कारण मरीजों को गुमला भी रेफर किया गया। अंततः उस छोटी बच्ची की रास्ते में मौत हो गयी। लेकिन, इससे कोई फर्क अस्पताल प्रबंधन को नहीं पड़ा। हर महीना हॉस्पिटल संचालन को लेकर प्रबंधन की बैठक भी होती है, लेकिन वह सिर्फ दिखावा रह जाता है। बैठक में जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी मानो केवल कोरम पूरा करते हैं। लेकिन, हॉस्पिटल के सिस्टम में कोई सुधार नहीं होता है।



घाघरा स्वास्थ्य केंद्र में लगा ऑक्सीजन प्लांट।



अस्पताल परिसर में बेकार पड़ी एंबुलेंस।

**विभाग को दी गयी है सूचना : चिकित्सा प्रभारी**

इस संबंध में चिकित्सा प्रभारी डॉ अरविंद कुशल एक्का से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि एंबुलेंस खराब होने व ऑक्सीजन प्लांट शुरू नहीं होने की सूचना जिला प्रशासन को दी गयी है। लेकिन, अब तक विभाग द्वारा कोई पहल नहीं की गयी है।

**ग्रामीणों में है अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश :** सड़क दुर्घटना के बाद लोगों को ग्रामीणों द्वारा सहयोग कर अस्पताल लाया जाता है। लेकिन, अस्पताल में किसी भी तरह की व्यवस्था नहीं होने से लोग काफी आक्रोशित हैं।

**तीन एंबुलेंस है, लेकिन सब है बेकार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 108 सहित तीन एंबुलेंस हैं। लेकिन, सभी एंबुलेंस खराब होकर बेकार पड़े हुए हैं। मरीजों को गुमला जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जरूरत की घड़ी में परिजन किराये पर वाहन कर मरीजों को इधर-उधर ले जाते हैं।

**एक चिकित्सक के भरोसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र :** प्रखंड के 18 पंचायत के 120 गांव के ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आश्रित हैं और वैसे लोगों के लिए एकमात्र चिकित्सक घाघरा में पदस्थापित हैं। एक चिकित्सक के भरोसे लोगों की स्वास्थ्य जांच होती है।

## स्पीड न्यूज

### बालू लदे ट्रैक्टर को पुलिस ने पकड़ा चालक गिरफ्तार

**जारी।** जारी पुलिस ने अवैध बालू लोड कर जा रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया। साथ ही चालक छत्तीसगढ़ के भलमंडा निवासी समीर उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया। जारी प्रखंड के विभिन्न नदियों से अवैध रूप से बालू का उठाव कर बगल के राज्य छत्तीसगढ़ में भेजकर महंगे दामों में बेचा जाता है। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बालू के कारोबार में लगे लोगों को सख्त चेतावनी दी है।

### नशे में धुत बाइक सवार गिरा, लगी चोट

**गुमला।** नेतरहाट थाना अंतर्गत नवाटोली निवासी सुनील बड़ा का 18 वर्षीय पुत्र आशीष बाड़ा नेतरहाट घाटी में नशे की हालत में बाईक से अनियंत्रित होकर गिर गया। जिसें युवक के सर व चेहरे पर गंभीर चोट लगी है। जिसे राहगीरों की मदद से स्थानीय उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी देते हुए परिजन ने बताया कि किसी काम को लेकर आशीष बाइक में सवार होकर नेतरहाट गया था। जहां वापसी के क्रम में नेतरहाट घाटी में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

### बैल के धक्के से किसान हुआ घायल, समाजसेवी ने पहुंचाया रिम्स

**कैरो।** थाना क्षेत्र के खरता निवासी 40 वर्षीय हरि उरांव जानवर (बैल) के धक्का मारने से गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी अनुसार रविवार को किसान हरि उरांव अपने खेत की ओर जा रहा था उसी क्रम में सामने से एक बैल ने हमला कर दिया और बैल का सिंघ सीधे पेट के अंदर चला गया जिस कारण हरि उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद अगल-बगल काम कर रहे लोगों ने जमा होकर मदद के लिए क्षेत्र के पत्रकार सह समाजसेवी एम तिवारी को बुलाया जिसके बाद निजी वाहन से आनन-फानन में रांची स्थित रिम्स ले जाया गया। वहां चिकित्सको की देख-रेख में इलाज चल रहा है।

# भंडरा में खुलेआम हो रही गोवंश की तस्करी

## मुख्य सड़क पर पैदल हांकते हुए निर्दयतापूर्वक ले जाते हैं गोवंशीय पशु

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा (लोहरदगा)।** भंडरा प्रखंड क्षेत्र से गोवंशीय पशुओं की तस्करी खुलेआम हो रही है। गोवंश पशु तस्करी पर किसी तरह की धरपकड़ नहीं होने से पशु तस्करों का हौसला बुलंद है। पशु तस्कर इतना निर्भीक हो गये हैं कि मुख्य सड़क से भी गोवंशीय पशु को पैदल हांकते हुए निर्दयता पूर्वक ले जाते हैं। इस क्षेत्र में हो रहे गोवंश पशु तस्करी पर किसी तरह का कोई अंकुश नहीं है। पशु तस्कर बेखौफ होकर खुलेआम पशु की तस्करी में लगे हुए हैं। लगता है कि उन्हें प्रशासन से कोई डर नहीं रह गया है। गोवंश पशु तस्करी के क्रम में पशु तस्कर रास्ते में रेकी करते हुए भी देखे जा सकते हैं।

पशु तस्करी का क्रम रोजाना जारी है। स्थानीय लोगों की मानें, तो प्रतिदिन सैकड़ों पशु भंडरा थाना क्षेत्र से तस्करी कर ले जाये जा रहे है। लोहरदगा जिले के अन्य थाना क्षेत्रों में पशु तस्करों पर निगाह रखी जा रही है, जबकि भंडरा में ऐसा नहीं लगता है। पशु तस्कर बेखौफ हो कर भंडरा थाना क्षेत्र से गोवंशीय पशुओं की तस्करी कर रहे हैं। पशु तस्कर गुमला जिला के बॉर्डर क्षेत्र से पशु तस्करी कर भंडरा थाना क्षेत्र होते हुए नरकोपी, मांडर, चान्हो थाना क्षेत्र की तरफ ले जाते हैं। वहां से गोवंश के पशुओं को गाड़ी में लादकर तस्करी की जाती है। पशु तस्करों का इस क्षेत्र में मनमानी चल रही है। गोवंश के पशु तस्करी पर पुलिस प्रशासन द्वारा किसी तरह का अंकुश नहीं लगाये जाने के कारण तस्करी का यह धंधा दिनोंदिन बढ़ते चला जा रहा है।

इस संबंध में प्रदेश विश्व हिंदू परिषद के मार्गदर्शक मंडल के प्रांत संयोजक गोस्वामी हुमन दास का कहना है कि गोहत्या एवं गोतस्करी पर झारखंड सरकार कानून बनाकर पूर्ण पाबंदी लगा चुकी है। फिर भी गोतस्करी एवं गोहत्या पर रोक नहीं लगाया जाना कानून का खुल्लम खुल्ला मजाक उड़ाना है। इस मामले पर कानून की पालन करवाने वाले पद पर आसीन सभी पदाधिकारी समान रूप से जिम्मेदार हैं। गोतस्करी एवं गोहत्या से एक धर्म विशेष की आस्था का संबंध है। एक धर्म विशेष की आस्था भावना के साथ सरकार के कानून के उल्लंघन के मामले पर किसी तरह के करवाई नहीं होना एक गंभीर विषय है। गोतस्करी एवं गोहत्या हर हाल में बंद होनी चाहिए। गोवंश पशु की तस्करी जिस क्षेत्र से भी होता है, उस क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर स्वतः प्रश्नचिह्न खड़ा होता है।



सड़क मार्ग से गोवंशीय पशु ले जाते तस्कर।

### गुमला में तस्करी को ले जाये जा रहे 18 मवेशियों को पुलिस ने किया जब्त, एक गिरफ्तार

**जारी (गुमला)।** जारी पुलिस ने तस्करी के लिए जा रहे 18 मावेशियों को मेराल जंगल के समीप शनिवार देर शाम पकड़ कर जब्त कर लिया। साथ ही, एक गोवंशीय पशु को हांक कर ले जा रहे मेराल निवासी विल्फ्रेड तिर्की को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि अवैध तरीके से छत्तीसगढ़ से 18 मवेशियों को बेरहमी से मारते-पीटते तस्कर ले जा रहे थे। पुलिस को गुप्त सूचना मिली, तो तत्काल कार्रवाई करते हुए 18 मवेशियों को जब्त कर लिया गया। थानेदार द्वारा जब्त सभी मवेशियों को गरीब किसानों के बीच वितरित कर दिया गया। बैल पाकर किसान खुश नजर आये। थानेदार ने कहा कि थाना क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति अवैध धंधा न करे, अन्यथा उसके खिलाफ कार्रवाई तय है।



गिरफ्तार आरोपियों के साथ थाना प्रभारी व अन्य।

## एक नजर में

### गुमला ने लोहरदगा को 21 रनों से हराया



**लोहरदगा।** जिला प्रशासन की तरफ से टी 20 मैच आयोजन किया गया। इस मैच में लोहरदगा पुलिस प्रशासन वर्सेस गुमला पुलिस प्रशासन के बीच टी-20 मैच बीएस कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। गुमला पुलिस प्रशासन ने इस रोमांचक मैच को 21 रनों से जीत लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच गुमला डीएफओ बिलाल अहमद को लोहरदगा पुलिस अधीक्षक आर राम कुमार के हाथों से दिया गया। टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला लोहरदगा पुलिस प्रशासन ने किया। गुमला पुलिस प्रशासन की टीम 18 ओवर 2 बॉल में 10 विकेट खोकर 126 रन बनाए। टीम के तरफ से गुमला पुलिस अधीक्षक एहतेशाम वकारीब ने 26 गुमला डीडीसी हेमंत ने 34 तथा संजीव ने नाबाद 22 रन बनाए। वही लोहरदगा पुलिस प्रशासन की टीम की तरफ से मनोज ने 3 ओवर में 7 रन देकर तीन विकेट, मिथिलेश ने 4 ओवर में 20 रन देकर दो विकेट तथा पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने 3 ओवर में 25 रन देकर दो विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी लोहरदगा पुलिस प्रशासन की टीम ने 18 ओवर 4 बॉल में 105 रन ही बना सकी। टीम की तरफ से रघुवेंद्र ने 22, जीशान ने 16 तथा पुरण ने 10 रन बनाए।

### अखिल भारतीय रोहतासगढ़ संचालन समिति की बैठक संपन्न



**गुमला।** अखिल भारतीय रोहतासगढ़ संचालन समिति की 17 वीं बैठक तर्री स्थित सबरी आश्रम में वनवासी कल्याण केंद्र के तत्वावधान में हुआ। बैठक में छतीगढ़ के पूर्व मंत्री गणेश राम, वनवासी कल्याण केंद्र के राष्ट्रीय मंत्री योगेश बापट, वनवासी कल्याण केंद्र के सह जागरण प्रमुख महरंग उरांव, क्षेत्रीय संयोजक जनजाति सुरक्षा मंच संदीप उरांव, क्षेत्रीय संगठन मंत्री विनोद उपाध्याय आदि उपस्थित थे। मौके पर पूर्व मंत्री गणेश राम ने कहा कि रोहतासगढ़ आदिवासियों के उत्पति का केंद्र है। जिसका संवर्धव व सुरक्षा बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि रोहतासगढ़ की यात्रा कर आदिवासी परंपरा को लोग सीखें और उसका विस्तार करें। बैठक में वनवासी कल्याण केंद्र के प्रांत संगठन मंत्री देवनंद सिंह, आरएसएस के क्षेत्र सेवा प्रमुख अजय कुमार, अविनाश कुमार, देवराम पहान, गोपाल कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### जेजेएमपी उग्रवादी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**चैनपुर।** चैनपुर पुलिस ने थाना कांड संख्या 5/22 के प्राथमिकी अभियुक्त प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के सदस्य लोहरदगा जिले के पेशरार के रोरद महुआ टोली निवासी सुजीत उरांव उर्फ संजय उरांव पिता धुंधिया उरांव एवं फिरोज अंसारी पिता कलीम अंसारी ग्राम रूवेद थाना जोबांग के घर में ग्रामीणों की उपस्थिति में ढोल नगाड़ा बजाकर घर में इश्तेहार चिपकाया और उनके परिजनों से उसे पुलिस या कोर्ट के समक्ष एक महीना के अंदर सरेंडर करने की अपील की।

### किस्को में जनसुनवाई कार्यक्रम में आज शामिल होंगे मंत्री

**लोहरदगा।** क्षेत्र के विधायक सह राज्य के वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत आज 8 मई 2023 दिन सोमवार को समय 11-30 बजे पूर्वाहन किस्को प्रखंड मुख्यालय में उपस्थित होंगे। जिसमें आम जनों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। यह जानकारी विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने दी है।

### सेवा भारती का लगातार 46वां जांच शिविर



**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार 46 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं सह सचिव संजय चौधरी ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 35 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराया।मौके पर डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है इनकी जितनी भी सेवा की जाए कम ही है। मौके पर अवधेश मित्तल,सुबोध प्रसाद महतो,अतुल सर्राफ,रेनू देवी,लक्ष्मी देवीसृष्टि कुमारी, सुंदरी देवी, मोती लाल अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### विद्युत तार काटकर जलमीनार से जलापूर्ति की बाधित



**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के तर्री ढुठा टोली के ग्रामीणों ने गांव के जलमीनार के विद्युत तार को काटकर जलापूर्ति बाधित करने का थाने में शिकायत की है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के ही राजू खड़िया के द्वारा जलमीनार में लगे विद्युत तार को काट दिया गया है। जिसे पूरे गांव के लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। गांव के लगभग सौ परिवार को उक्त जलमीनार से पेयजल आपूर्ति होती है। ग्रामीणों ने थाने में लिखित शिकायत करते हुए न्याय देने की गुहार लगायी है। बैठक में अजय गोप, दुलारी कुमारी, राजू गोप, सीमा कुमारी, ऐतवा गोप आदि शामिल थे।

### प्रतिबंधित कप सिरप के साथ युवक गिरफ्तार

फोटो 13 में गिरफ्तार अभियुक्त व बरामद कप सिरप के साथ एसडीपीओ व अन्य

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के मसरिया मोड़ के समीप से प्रतिबंधित कप शिरप ओनरेक्स की 22 बोतल के साथ गुमला थाना क्षेत्र के बसुआ गांव निवासी 30 वर्षीय नासिर अंसारी को घाघरा पुलिस ने पकड़ कर जेल भेज दिया। इस संबंध में प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया कि नासिर के द्वारा ओनरेक्स प्रतिबंधित कप शिरप की बिक्री कर इलाके में कई लोगों को नशा का शिकार बनाया जा रहा था। छापेमारी दल मसरिया मोड़ गांव के समीप पहुंची तो नासिर व एक और युवक उसके साथ था जो भागने लगा। पुलिस ने दौड़ाकर नासिर को पकड़ लिया। नासिर के हाथ में एक बोरी था। जिसके अंदर 22 कप शिरप ओनरेक्स रखा हुआ था। घटनास्थल से होंडा शाइन मोटरसाइकिल व एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। एसडीपीओ ने कहा कि घटनास्थल से भागे हुए युवक की गिरफ्तारी जल्द हो जाएगी।

### हेंदलासो में हनुमान मंदिर में हुआ प्राण प्रतिष्ठा समारोह



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के हेंदलासो गांव में 6 मई से चल रहे नवनिर्मित हनुमान मंदिर में हनुमान जी का पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान एवं यज्ञ के दूसरे दिन भी आचार्य पंडित रमेशदेव पौराणिक जी के द्वारा संपूर्ण विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। इस पूजा अर्चना में समाजसेवी ओमप्रकाश सिंह,दीपक सर्राफ,शशि भूषण सिंह भी शामिल हुए। मौके पर जजमान लाल राजेश्वर नाथ शाहदेव ने बताया कि यह पांच दिवसीय अनुष्ठान काफी हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जिससे कि सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा है। अगल-बगल के सभी ग्रामीण भक्त काफी उत्साह से प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हो रहे हैं।

# दो बाइक व बोलेरो में टक्कर एक की मौत, दो लोग घायल



दुर्घटना में घायल व्यक्ति।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** शहर के पालकोट रोड स्थित पेट्रोल पंप के समीप दो बाइक व बोलेरो की टक्कर में बाइक सवार तर्री निवासी रामचंद्र नाग की मौत हो गई। जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों व मृतक को सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। जानकारी के अनुसार तर्री निवासी मृतक रामचंद्र नाग पेट्रोल पंप पेट्रोल लेने आया था। पेट्रोल लेकर वह जैसे ही रोड क्रॉस कर रहा था तभी पालकोट की ओर से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उसे जोरदार धक्का मार दिया। इससे घटनास्थल पर ही रामचंद्र की मौत हो गई। वहीं पीछे से आ रहे बाइक सवार ने भी बोलेरो वाहन को धक्का मार दिया। जिसमें बंगरू निवासी कार्तिक खड़िया व समीर खड़िया गंभीर रूप से घायल हो गये। उनका इलाज सदर अस्पताल गुमला में चल रहा है। घटना में दोनों घायल को गंभीर चोट लगी है।

# झारखंड राज्य सब जूनियर बालक-बालिका कबड्डी प्रतियोगिता को लेकर बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले में 12वीं झारखंड राज्य सब जूनियर बालक बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का सफल आयोजन के निमित्त मदनमोहन पांडेय वरीय उपाध्यक्ष झारखंड राज्य कबड्डी संघ सह अध्यक्ष लोहरदगा जिला कबड्डी संघ की उपस्थिति एवं संरक्षण में वरीय शारिरिक प्रशिक्षक रामस्वरूप प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजन समिति की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। आगामी अक्टूबर माह में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन के निमित आवश्यक योजना का निर्माण किया गया। जिसके तहत आयोजन समिति का गठन, आयोजन का बजट, खिलाड़ियों के आवासन की व्यवस्था, भोजन की व्यवस्था, खेल मैदान का निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था, तकनीकी पदाधिकारियों की नियुक्ति, पुरस्कार व्यवस्था, स्वागत समिति इत्यादि पर चर्चा की गई। सभी उपस्थित लोगों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने का सहमति प्रदान किया।



बैठक करते संघ के सदस्य।

### स्टेट बैंक ने राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा करने वाले दो खिलाड़ी व प्रशिक्षक को किया सम्मानित




**सिसई।** भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय रांची के द्वारा रविवार को किसान संपर्क वित्तीय समावेशन कार्यक्रम का आयोजन सिसई प्रखंड स्थित माघी उच्च विद्यालय के प्रांगण में किया गया। राष्ट्रीय खेल के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए गुमला जिले के प्रख्यात खेल प्रशिक्षक सैयद जुन्नु रेन को विशेष योगदान के लिए शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही स्पोर्ट एकेडमी के खिलाड़ी विकास कुमार साहू और नीरज महतो को राष्ट्रीय पदक जीतने पर उन्हें भी सम्मानित किया गया। स्मरण रहे कि दोनों खिलाड़ी इंडियन मार्शल आर्ट गोल्ड मेडल और हैंडबॉल एवं कुश्ती में पदक जीत कर लाये हैं। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक पटना मंडल के महाप्रबंधक श्री शिव ओम दीक्षित और झारखंड नेटवर्क जॉन के श्री ऐम जैन एवं गुमला के शाखा प्रबंधक श्री अरुण मिश्रा और पूर्व विस अध्यक्ष दिनेश उरांव उपस्थित थे।

# पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति सरकार के खिलाफ जंग को तैयार

## 25 मई को मशाल जुलूस, मामला सात जिलों में पिछड़ों के आरक्षण रोस्टर को शून्य करने का

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** राज्य के सात जिलों में पिछड़ों को रोस्टर प्रणाली में आरक्षण शून्य किये जाने को लेकर अब पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति सरकार के खिलाफ जंग की तैयारी कर ली है। सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन की रणनीति बन चुकी है। सात जिलों में पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति का गठन कर लिया गया है। अब निर्णय लिया गया है कि 25 मई से आंदोलन का बिगुल मशाल जुलूस के साथ फूंका जाएगा।

रविवार को पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति झारखंड प्रदेश की बैठक पालकोट रोड स्थित रौनियार धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग ने की। बैठक में मुख्य रूप से संगठन का विस्तार करते हुए केंद्रीय टीम में पुणे बेसरा, राधा मोहन साहू, मुनेश्वर साहू को संरक्षक, जवाहर साहू, जागेश्वर सिंह, सुनील भगत, श्यामसुंदर साहू को उपाध्यक्ष, रोहित सिंह, मोहम्मद खालिद को सचिव, चूड़ामणि यादव, राम प्रसाद साहू को संगठन सचिव, मोहम्मद शाहिद, राजेश कुमार लाल, मोहन साहू को सलाहकार, जगदीश साहू, राम प्रसाद साहू, अजीत विश्वकर्मा को कानूनी सलाहकार, विकास साहू, नंदलाल कुमार को प्रवक्ता व सदस्य के रूप में जोधन सिंह, सत्यव्रत ठाकुर, रामकिशन केसरी, फगुवा साहू, रामू गोप को चुना गया। साथी ही, केंद्रीय महिला मोर्चा का अध्यक्ष अनीता साहू लोहरदगा को बनाया गया। वहीं, सुनीता देवी संगीता देवी को उपाध्यक्ष व हेमंती देवी को सह सचिव बनाया गया। सभी को केंद्रीय टीम में पदाधिकारी बनाये जाने पर केंद्रीय अध्यक्ष ने माला पहनाकर स्वागत किया।

बैठक में आगे की रणनीति पर विचार करते हुए 25 मई को सभी जिला मुख्यालय व प्रखंड मुख्यालय में मशाल जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया। 26 मई को जिन सात जिले में रोस्टर के तहत जीरो किया गया है, वहां आर्थिक नाकेबंदी एवं सभा होगी। इसके प्रचार प्रसार के लिए सभी गांव में पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति जागरूकता रथ रवाना किया जाएगा, जो प्रत्येक गांव मोहल्लों में जाकर पिछड़े समाज जितने भी लोग आते हैं, सभी को जगाने का काम करेंगे। यह अभियान 20 मई 2023 से शुरू होगा। वहीं निर्णय लिया गया कि सभी सातों जिलों के चौक चौराहों पर हैंडव्हील एवं पोस्टर के साथ-साथ दीवार लेखन भी किया जाएगा। पिछड़ी जाति के तमाम लोगों आग्रह है कि आंदोलन में अपनी भागीदारी निभायें और आंदोलन को सफल बनाये। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय महासचिव दिलीप नाथ साहू, केंद्रीय कोषाध्यक्ष शिवदयाल गोप, जगदीश साहू, सचिव बाबूलाल साहू, कोषाध्यक्ष सतीश साहू, सिमडेगा जिला अध्यक्ष विष्णु साहू, चूड़ामणि यादव, घनश्याम सिंह, चंद्रनाथ प्रसाद आदि उपस्थित थे।




बैठक में शामिल पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

### हाथी ने ग्रामीण के घर को किया क्षतिग्रस्त



**जारी।** जारी थाना क्षेत्र के सीसी करमटोली पंचायत के रेंगारी गांव निवासी कजेतन मिंज के घर को रविवार की सुबह जंगली हाथी ने क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं घर में रखें अनाज को हाथी खा गया और घर में रखे बर्तन को रौन्द कर बर्बाद कर दिया। पीड़ित कजेतन मिंज ने जानकारी देते हुए बताया कि हम सभी परिवार सोये हुए थे कि अचानक सुबह लगभग 4:00 बजे के करीब एक जंगली हाथी आया और घर को क्षतिग्रस्त करने लगा। तब वे सभी परिवार उठकर हल्ला करने लगे। तब जाकर गांव के ग्रामीण उठे और बड़ी मशक्कत के साथ हाथी को भगाया।

स्पीड न्यूज

### समाजसेवी चंदेश्वर के पत्नी का निधन

**सिमरिया।** प्रखंड के इचाक पंचायत निवासी समाजसेवी चंदेश्वर महतो के पत्नी झालिया देवी का निधन हो गया है। मृतका झलिया देवी पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। झलीय देवी के मौत से पूरा गांव में मातम पसरा हुआ है। वहीं स्थानीय मुखिया कविता देवी,समाजसेवी सुरेश महतो सहित दर्जनों लोगों ने दु:ख जताया है और कहा है कि प्रभु मृतिका को अपने चरणों में स्थान दें।

### यातायात नियमों की अनदेखी कर रहे हैं किशोरों व बुजूर्ग

**मरकच्चो (कोडरमा)।** सड़कों पर रफ्तार के बीच जान गंवाते लोगों के आंकड़े दहशत में डालने के लिए काफी हैं। यातायात नियमों की अनदेखी और तेज रफ्तार वाहन चलाने से रोज हादसे हो रहे हैं, मगर लोगों की लापरवाही में कमी नही आ रही है, जान जोखिम में डालकर लोग सड़कों पर फर्राटा भरते हैं, किशोरों से लेकर बड़े बुजुर्ग तक यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

### सेवानिर्वित चौकीदार को दी गयी विदाई

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना परिसर स्थित प्रांगण में रविवार को ग्रामीण पुलिस असगर अख्तर जो 30 अप्रैल को सेवानिर्वित हुए थे, उनका विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य रूप से एसआई उत्तम कुमार वैद्य व लक्ष्मण गोप उपस्थित थे। ज्ञात हो कि अख्तर अंसारी अपने जीवन काल में 33 वर्ष मरकच्चो प्रखंड में चौकीदारी की एवं प्रखंड के मरकच्चो, बच्छेडीह, दरदाही एवं मुर्कमनाय आदि क्षेत्रों में काम किया। जहां मूर्कमनाया में लगातार 20 वर्षों तक कार्य किया एवं सभी के साथ उनका व्यवहार सराहनीय रहा।

### दुष्कर्मी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** रिश्ते को शर्मशार करने वाली एक घटना सामने आई है। ममेरा भाई ने अपनी नाबालिग बहन के साथ दुष्कर्म किया। यह घटना नवलशाही थाना क्षेत्र की है। मामले को लेकर पीड़िता की मां ने डोमचांच थाना क्षेत्र के बगरीडीह निवासी शंकर दास को आरोपी बनाते हुए थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में बताया है की 4 मई को उसके परिवार के सभी लोग मामा के पुत्र की शादी में बगरीडीह गई हुई थी, वह घर में अकेली थी। इसी दौरान उसका मामा का दूसरा लड़का शंकर दास देर रात बाइक से उसके घर पहुंचा, मेरी बेटी घर की छत पर सोई हुई थी। युवक घर के छत पर पंहुच कर उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर युवक उसकी पुत्री को जबरन नीचे खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद नाबालिग ने फोन पर इसकी जानकारी परिजनों को दी। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया।

### जमीनी विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट, सात घायल, एक महिला रेफर

**कोडरमा।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलवरिया बिगहा में रविवार सुबह आपसी जमीनी विवाद में सात लोग घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार बिगहा निवासी 73 वर्षीय यमुना मेहता पिता हेमा मेहता व 49 वर्षीय मनोज मेहता पिता चन्द्रिका मेहता से जमीनी विवाद था। जिसे लेकर रविवार को कहा सुनी के बाद अचानक मारपीट में बदल गई। जहां एक पक्ष से सात लोग घायल हो गए। जिसमें एक पक्ष से बिगहा निवासी 65 वर्षीय दर्शनी देवी पति यमुना मेहता, 24 वर्षीय राजेश कुमार पिता यमुना मेहता, 35 वर्षीय रूबी देवी पति स्व संजय मेहता, 73 वर्षीय यमुना मेहता पिता हेमा मेहता एवं दूसरे पक्ष से बिहगा निवासी 20 वर्षीय पप्पू कुमार पिता मनोज महतो, 16 वर्षीय पुरनदेव कुमार पिता मनोज मेहता, 49 वर्षीय मनोज मेहता पिता चंद्रिका मेहता घायल हो गये। घटना के सूचना मिलते ही नवलशाही थाना पुलिस घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा दर्शनी देवी पति यमुना मेहता को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

# नीट परीक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीनस्थ नेशनल टेस्टिंग ऐजेंसी द्वारा आयोजित नीट यूजी परीक्षा (मेडिकल एंट्रेंस टेस्ट) 2023 झुमरीतिलैया स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। परीक्षा में कुल 474 परीक्षार्थियों में से 462 परीक्षार्थी शामिल हुए जिसमें 12 परीक्षार्थी अनुपस्थिति रहे। विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान कोई दिक्कत न हो इनकी पूरी ख्याल रखते हुए परीक्षा से संबंधित सारी व्यवस्था ससमय पूरा कर लिया गया था। परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने में सिटी को-कॉर्डिनेटर सह मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार, परीक्षा के पर्यवेक्षक सह विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल के प्रबंधक अनिल कुमार, सेंटर सुपरिटेंडेंट मौसमी मल्लिक, सेंटर ड्यूटी सेंटर सुपरिटेंडेंट विनीत कुमार सिंह, मजिस्ट्रेट जगरनाथ प्रसाद एवं डीएवी स्कूल के शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का अहम योगदान रहा। परीक्षा केंद्र पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सब इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार सिंह ने अपने दल-बल के साथ मौजूद थे। पी-1

21 किलोमीटर की मैराथन दौड़ में अमित महतो के साथ दौड़े कई युवा

## राज्य सरकार चुनावी घोषणा पत्र से मुकर रही है : अमित



खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** जोहार खतियानी यात्रा के तहत बरकट्ठा विधानसभा के जयनगर प्रखंड में रविवार को पदयात्रा शुरू की गई। 21 किलोमीटर का मैराथन दौड़ हीरोडीह से कटहाडीह, खेसकरी, जयनगर, पेठियाबागी, पावरहाउस, पिपचो होते हुए परसबाद चौक में विश्राम हुआ। वहीं विधानसभा के पूर्व विधायक अमित महतो की अगुवाई में लोग सड़क पर उतरे। काफी संख्या में युवाओं ने जोहार खतियानी यात्रा में शामिल होकर कहा कि 60 और 40 का फार्मूला नही चलेगा। लोगों ने हेमंत सरकार के खिलाफ नारे भी लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन यहां के खतियानी रैयतों को शर्मसार करने का काम कर रहें हैं। हमारे झारखंडी युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेलने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बाहरी लोग झारखंड का विकास नहीं बल्कि घर वाले ही विकास करेंगे। इसी तरह 21 किलोमीटर हर विधानसभा में खातियानी जोहार यात्रा जारी रहेगा। वहीं बरकट्ठा विधानसभा के यूवा नेता अरमान खान ने कहा की युवाओं के प्रति जो अमित जी का सोच है काफी सराहनीय है, सरकार को यहां के युवाओं के लिए सोचना चाहिए। मौके पर राम कुमार, वसी अहमद खान, मनव्वर अंसारी, चंदन सहित कई यूवा शामिल थे।

# दो बच्चे का पिता फिर विवाह करने पहुंचा कोर्ट

पहली पत्नी ने जमकर किया हंगामा, पति के विरुद्ध थाने में दिया आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** पहले से शादीशुदा एक युवक दुबारा शादीशुदा महिला के साथ शनिवार को शादी रचाने कोर्ट पहुंचा। इस दौरान उसकी पहली पत्नी ने जमकर हंगामा किया एवं वहां से युवक मौके से रफूचक्कर हो गया। युवक की पहली पत्नी हेमा देवी ने महिला थाने में आवेदन देकर अपने पति की ओर से दूसरा शादी किए जाने को लेकर शिकायत दर्ज कराई है।

बताते चलें कि चंदवारा प्रखंड अंतर्गत बेंदी निवासी सरजू आगेरी की शादी 2015 में हेमा देवी नामक एक महिला के साथ हुई थी, जिससे उसे 2 बच्चे भी हैं। दो बच्चे के पिता सरजू अगेरी अपने घर परिवार से चोरी-छिपे चंदवारा प्रखंड के ही पिपराही निवासी एक दूसरी शादी शुदा महिला के साथ शादी रचाने के लिए कोर्ट पहुंचा था। जिसकी भनक लगने पर उसकी पहली पत्नी अपने दोनों बच्चे और सास के साथ कोर्ट के पास पहुंची। जहां उसकी सास ने अपने बेटे की जमकर पिटाई करनी शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार लड़का जिस महिला के साथ शादी करने कोर्ट पहुंचा था, उसकी शादी भी कई साल पहले सिंदरी में एक लड़के के साथ हुई थी। मौके पर उस महिला ने बताया कि उसका पहला पति काफी शराब पीता था, जिससे तंग आकर वह इस युवक के साथ शादी करने के लिए राजी हुई थी।

उसने बताया कि युवक ने उसे नहीं बताया था कि वह पहले से शादीशुदा है। शादी को लेकर उक्त महिला के साथ उसकी मां भी कोर्ट पहुंची थी।

वहीं दूसरी महिला के साथ शादी रचाने कोर्ट पहुंचने के दौरान उक्त युवक को दूसरी पत्नी के वहां पहुंचने की सूचना मिल गई थी। इसे लेकर उसने आनन-फानन में शादी रचाने को लेकर जिस महिला के साथ कोर्ट पहुंचा था, उसके मांग में सिंदूर डाल दिया। मामले में युवक के पहली पत्नी की ओर से हंगामा किए जाने के दौरान वहां काफी लोग एकत्रित हो गए। साथ ही सभी लोग लड़के के इस प्रकार के कारनामे को लेकर उसे डांट फटकार करने लगे।

# ट्रैकिंग और नेचर स्टडी प्रशिक्षण में शामिल ज्ञान निकेतन के बच्चे

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** नेतरहाट में आयोजित 6 से 10 मई तक ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भारत स्काउट एंड गाइड जिला कमेटी से जुड़े रोवर रेंजर और ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल के स्काउट गाइड के 9वीं और 10वीं के छात्र-छात्राओं को रवाना किया गया। गेम टीचर अजय वाल्मीकि के अगुवाई में सभी विद्यार्थियों को रवाना किया गया है। सभी विद्यार्थियों के लिए नेतरहाट में रहने और अन्य व्यवस्थाएं करने का कार्य किया गया है, ताकि वहां उन्हें कोई असुविधा न हो। यह कार्यक्रम भारत स्काउट गाइड झारखंड राज्य के द्वारा निर्धारित है। इस कार्यक्रम में पूरे राज्य भर के करीब 800 रोवर रेंजर और स्काउट गाइड शामिल होंगे। उपायुक्त शेखर जमुआर, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिता पूर्ति, जिला स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष उमाकांत तिवारी, स्काउट हेड विकास कुमार आदि ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। मौके पर डीसी ने कहा कि स्काउट गाइड द्वारा बच्चों के अंदर देशभक्ति, ईमानदारी और आपसी भाईचारे की भावना के साथ साथ विपरीत परिस्थितियों में अपने आपको स्वयं ढालने की कला का ज्ञान आता है। ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी प्रशिक्षण में शामिल होने वाले बच्चों ने प्रतिदिन उपयोग के समान के साथ साथ स्कार्फ, वगल, जीन्स टीशर्ट, ट्रैक शूट, जुता, ग्लूकोज, थाली, गिलास बिछावन, लाठी, पाँच मीटर सूत की रस्सी और अन्याय सामग्री के साथ प्रस्थान किया है। स्काउट गाइड हेड विकास ने बताया कि स्काउटिंग का मूल प्रशिक्षण आउटिंग में है। इस वर्ष जनवरी में जीएन कॉन्वेंट स्कूल के 16 बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम जयपुर में भाग लेने गए थे और वहां विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किए।



प्रशिक्षण में शामिल बच्चे

## विधायक ने किया पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास



शिलान्यास करते विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** बोकारो स्टील माइंस कॉलेज के गेट से पीडब्लूडी तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक भानु प्रताप शाही ने शनिवार को पूजा अर्चना व नारियल फोड़कर किया। उक्त सड़क का निर्माण 10 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। मौके पर विधायक ने कहा कि भवनाथपुर बीएसएम कॉलेज के टीचर एवं छात्र-छात्राएं काफी समय से सड़क निर्माण कराने की मांग कर रहे थे, लेकिन किसी जनप्रतिनिधियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया था। जिस कारण छात्र-छात्राओं को बरसात के दिनों में कॉलेज आवागमन करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। विधायक श्री शाही ने यह भी कहा कि सड़क के निर्माण हो जाने के बाद कॉलेज में शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं को आवागमन में काफी सुविधा होगी। मौके पर प्राचार्य आरपी शुक्ला, श्रीराम सिंह, वेद प्रकाश पांडेय, डॉ स्कंद कुमार भारती, वीरेंद्र विश्वकर्मा, अनिल चौबे, छात्र पप्पू सिंह, फुलेन्द्र यादव, विशाल सिंह, लव उत्कर्ष, रूपेश कुमार, दया सिंह, अजय सिंह आदि उपस्थित थे।

# खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण व फूड लाइसेंस शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिमरिया।** चतरा उपायुक्त एवं सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सह अभिहित अधिकारी के निदेर्शानुसार रविवार को दो बैच में खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण एवं फूड लाइसेंस शिविर का अयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्ट्रीट फूड वेंडर्स एवम सभी खाद्य कारोबारियो जैसी कि रेस्तरां, होटल, मिठाई दुकान, थोक विक्रेता, वितरक, किराना दुकान, मिल्क पार्लर, मीट मुर्गा दुकानदारों, ठेला वाले के लिए आयोजित किया गया। फोस टैक का प्रशिक्षण एवम कैंप का आयोजन खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 एवं खाद्य सुरक्षा मानक विनियम 2011(खाद्य कारोबार का अनुज्ञापन और पंजीकरण) के अनुरूप सिमरिया के प्रखंड सभागर में किया गया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी सह अभिहित आधिकारी सुधीर कुमार दास एवम खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के द्वारा किया गया। मौके पर चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष पवन कुमार केसरी के द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी सह अभिहित आधिकारी के द्वारा खाद्य सुरक्षा के तहत एफएसएसएआई लाइसेंस एवम रजिस्ट्रेशन लेने के लिए सभी खाद्य कारोबारियो को कहा गया। उन्होने खाद्य पदार्थों में किसी भी तरह के मिलावटी पदार्थों को नही बेचने के लिए हिदायत दी गई। मिठाई की गुणवत्ता एवम सरसो तेल की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए खाद्य कारोबारियो को कहा गया । किसी भी मिसब्रेंडेड, असुरक्षित, तथा अवमानक खाद्य पदार्थ बेचे जाने पर नियमानुसार कारवाई करने कि चेतावनी दी गई। साथ ही खुले में मुर्गा मीट बेचे जाने तथा साफ सफाई नही रखे जाने के लिए नाराजगी जाहिर की। खाद्य सुरक्षा पदाधिकरी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि यदि कोई भी खाद्य कारोबारकर्ता खाद्य सुरक्षा नियम का अनुपालन नहीं करता है और औचक निरक्षण में पकड़े जाते है तो इस अधिनियम के अनुसार उसे सजा एवम अर्थदंड भी भरना पड़ सकता है। फूड लाइसेंस शिविर में आज कुल 49 खाद्य कारोबारियो का एफएसएसएआई पंजीकरण के लिए आवेदन प्राप्त हुआ जिसमे ऑन द स्पॉट 4 खाद्य कारोबारियो का रजिस्ट्रेशन निर्गत किया गया।

# प्लस टू स्कूल के भवन का उद्घाटन और एसएमएसडी डिग्री कॉलेज का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



उद्घाटन करते अतिथि

**श्री बंशीधर नगर।** रविवार को ठाकुर दयाल देव मनिकराज प्लस टू स्कूल के भवन का उद्घाटन और शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज के भवन का शिलान्यास हुआ। शहर के अधौरा में स्थित कॉलेज परिसर में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि एनपी यूनिवर्सिटी के वीसी डॉ रामलखन सिंह व विशिष्ट अतिथियों गढ़वा के पीडीजे राजेश शरण सिंह, सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक भानू प्रताप शाही और एनपी यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ राकेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर नए भवन विधिवत उद्घाटन व नारियल फोड़कर डिग्री कॉलेज का शिलान्यास किया। उस मौके पर सभी अतिथियों ने टीडीएम प्लस टू स्कूल प्रांगण में स्थापित ठाकुर दयाल देव मनिकराज देवी की प्रतिमा का अनावरण और पौधारोपण किया। उस मौके पर एसीजेएम अमित खन्ना, डॉ यासीन अंसारी, कॉलेज शासी निकाय के सचिव शारदा महेश प्रताप देव, अध्यक्ष राजेश्वर प्रताप देव, टीडीएम प्लस टू स्कूल के प्राचार्य प्रो. धनंजय सिंह, एसएमएसडी डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रशांत सहाय, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडेय, प्रफुल्ल सिंह, विभाकर नारायण पांडेय, शिवधारी राम, मथुरा राम, समाजसेवी विजय कुमार सिंह, रामानंद पांडेय, श्यामबिहारी शुक्ल, शंभूनाथ शुक्ल, गिरिवर शुक्ल, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, कुमार कनिष्क, विकास पांडेय समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग व कॉलेज के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे।

एक नजर में

### भाजपा में शामिल हुए एटक नेता विनोद बिहारी, बनाये गय चुनाव प्रभारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** प्रखंड के एटक नेता विनोद बिहारी पासवान ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है जिसके बाद उन्हें कर्नाटक के सेडम विधानसभा क्षेत्र के मधोल शक्ति केंद्र का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। विनोद बिहारी पासवान को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने माला पहनाकर सदस्यता ग्रहण करवाई और उन्हें शुभकामनाएं दी। इस मौके पर चतरा सांसद सुनील सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे। सदस्यता ग्रहण के उपरांत विनोद बिहारी ने भाजपा के प्रति निष्ठा और समर्पण जताया और कहा कि यह पार्टी एक मंदिर के समान है जहां मैं सेवक बन कर निरंतर सेवा करता रहूंगा। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते हैं उन्हें तत्काल चुनाव प्रभारी का दायित्व सौंपा गया और उन्हें कर्नाटक भेजा गया है। विनोद बिहारी कर्नाटक पहुंचकर मधोल शक्ति केंद्र क्षेत्र का कार्यभार संभाल लिया है और चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। उनके भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर जिले और प्रखंड के कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त किया है और उन्हें शुभकामनाएं दी है।

### वाहन की चपेट में आने से एक की मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** शनिवार देर रात्रि करीब 9 बजे सराढु मे मोटरसाइकिल के चपेट में आने स एक अधेड़ की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सराढु के बालाबारी मुहल्ला निवासी लगभग 52 वर्षीय घुटवा तुरी जो सराढु समीप एक शादी समारोह में पैदल आ रहा था, इसी दौरान टंडवा की ओर से एक मोटरसाइकिल में तीन सवार युवक तेज रफ्तार अपना घर कोएद की ओर जा रहा था, इसी दौरान मोटरसाइकिल चालक अनियंत्रित होकर शादी समारोह में पैदल आ रहे अधेड़ को टक्कर मार दिया। जिससे उनकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने जान बचाने की कोशिश हेतु आनन फानन में एम्बुलेंस के माध्यम इलाज को लेकर हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद अहले सुबह होते ही मृतक के परिजनों ने मुवाबजा मांग को लेकर टंडवा-सराढु मुख्य पथ को जाम कर दिया। कुछ घण्टे बीत जाने के बाद स्थानीय प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के पहल पर पच्चास हजार नकद एवं डेढ़ लाख का चेक मृतक के परिजन को देने के बाद सड़क जाम हटाया गया। एवं शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया गया।

### कर्मवीर सिंह से मिले जिप उपाध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिप उपाध्यक्ष सह भाजपा नेता बिरजू तिवारी रविवार को पार्टी कार्यालय पर पहुंच भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान बिरजू तिवारी और कर्मवीर सिंह के बीच संगठन को लेकर भी चचाएं हुई।

### चतरा में दस ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन युवक गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के गिद्धौर पुलिस ने 10 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान कटकमसांडी थाना क्षेत्र के रोमी गांव निवासी मोहम्मद तालिब पिता मुस्लिम खान, मोहम्मद असलम पिता अजीमुद्दीन और गिद्धौर थाना क्षेत्र के रविंद्र कुमार यादव पिता लालजी यादव के रूप में हुई है। प्रशिक्षु डीएसपी धनंजय राम ने गिद्धौर थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर तीनों को गिरफ्तार किया गया हैं। गिरफ्तार युवकों के पास से तीन अलग-अलग प्लास्टिक में 10 ग्राम ब्राउन शुगर के अलावा एक बाइक, एक इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन, दो मोबाइल जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि मसूरिया नीम पेड़ पुलिया के समीप पहले तालिब और असलम की गिरफ्तारी हुई। इसके बाद पूछताछ के क्रम में दोनो ने रविंद्र का नाम बताया। इसके बाद उसके घर से ब्राउन शुगर के साथ उसे पकड़ा गया। इस संबंध में तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### मशाला कूटने वाले लोहे से हमला कर युवक की हत्या

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बगड़ो के तूरी टोला में बीती रात छत पर सो रहे एक बीस वर्षीय युवक सिकन्दर तुरी को मसाला कुटनी वाला लोहा से मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया। घायल युवक को गंभीर अवस्था में सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान ने घटना को लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्यारा जीतेन्द्र तुरी पिता स्व सरजू तुरी बगड़ो निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उन्होने बताया कि हत्या में जिस वस्तु (मसाला कुटनी) का प्रयोग किया गया था, उसे जब्त कर लिया गया है।

# तूल पकड़ता जा रहा है कैदी सेंधु मुंडा की मौत का मामला

➲ सेंधू मुंडा मौत मामले के दोषियों पर दर्ज हो हत्या का मुकदमाः परिजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार/चंदवा।** लातेहार जेल में बंद विचाराधीन कैदी सेंधू मुंडा के जेल के अंदर संदेहास्पद मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। जेल के अंदर हुए मौत पर परिजनों ने संदेह जाहिर करते हुए इसे सुनियोजित हत्या करार दिया है व दोषियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने व पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। परिजनों का आरोप है कि राज्य में गरीब आदिवासी का सुनने वाला कोई नहीं है, शनिवार की देर रात्रि वरीय अधिकारियों के दबाव में मृतक सेंधू मुंडा के शव का रात में ही पोस्टमार्टम कर एंबुलेंस के माध्यम से आनन-फानन में गांव छोड़ दिया गया साथ ही दबाव देकर किसी कागजात में भी परिजनों से जबरन दस्तखत भी ले लिया गया है। शव के गांव पहुंचने के बाद रविवार को परिजन हत्या कांड की न्यायिक जांच व मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा घोषित नही किये जाने तक अंतिम संस्कार न करने की मांग पर अड़ गए।



मृतक के परिजनो से मामले की जानकारी लेते प्रतुल शाहदेव अन्य।



शव के गांव पहुंचने के बाद रोते-बिलखते परिजन।

## अधीक्षक के पत्र में 5 लोगों द्वारा जेल में मारपीट किये जाने का उल्लेख

मामले में मेंसन बारवा कार्यालय अधीक्षक मंडल कारा लातेहार के द्वारा लातेहार थाना प्रभारी को प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर पत्र लिखा गया है। जिसमे जेल में बंद विचाराधीन बंदी सेन्धु मुंडा के साथ मारपीट का जिक्र करते हुए 5 लोग प्रभारी उच्च कक्षपाल व 4 कक्षपाल पर मामला दर्ज करने का उल्लेख किया गया है। पत्र में लिखा गया है कि अधोहस्ताक्षरी के द्वारा गहनता के जांच पड़ताल के क्रम में सीसीटीवी फुटेज के जांच में यह ज्ञात होता है कि प्रातः नंबर कुली के पश्चात शंकर मुंडा (प्र. उच्च कक्षपाल), चंद्रशेखर सिंह (भूतपूर्व सैनिक कक्षपाल), दीपनारायण विश्वकमा (कक्षपाल), प्रदीप प्रजापति (कक्षपाल) व मनोहर बारला (कक्षपाल) के द्वारा बीमार बंदी सेन्धु मुंडा के साथ डंडे से मारपीट करने के कारण अचानक उक्त बंदी के स्थिति बिगड़ने के बाद चिकित्सा अधीक्षक लातेहार के प्राण रक्षार्थ अनुशंसा पर कारा के कक्षपालों के अभिरक्षा में समुचित जांच एवं इलाज कराने हेतु सदर अस्पताल में भर्ती किए जाने के बाद मौत होने की बात लिखी गई है। अधीक्षक के द्वारा इसकी सूचना दूरभाष पर कारा महानिरीक्षक को दिए जाने की बात कही है। मामले में लातेहार पुनि सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी ने बताया कि कार्यालय अधीक्षक मंडल कारा के आवेदन के आलोक में आरोपित पांचो के खिलाफ लातेहार थाना में कांड संख्या 97/23 में धारा 304/34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## लापरवाही से हुई सेंधू की मौत : शशि भूषण

बरवाडीह। लातेहार मंडल कारा में बंद कैदी सेंधू मुंडा की मौत का मामला तुल पकड़ लिया है। इधर बरवाडीह बीस सूत्री कमेटी के सदस्य सह जेएमएम नेता शशि भूषण तिवारी ने कैदी की मौत पर सवाल खड़े करते हुए इसे जेल प्रशासन और जेल सुपरिटेंडेड की लापरवाही बताई है। पूरे मामले में उन्होंने जिले के वरीय अधिकारियों से जेल सुपरिटेंडेड पर कानूनी कारवाई करने की मांग की है। वहीं उन्होंने कहा कि पिटाई से मौत होने के बाद चिकित्सकों द्वारा मृतक को मृगी की बीमारी बताकर इस घटना पर पर्दा डालने की कौशिश की गई है। जिसमें कहीं न कही चिकित्सक भी दोषी हैं। इस मामले की जांच पूरी गहनता के साथ होनी चाहिए। क्योंकि मृतक की पत्नी और बच्चों की माने तो उन्हें मृगी जैसी कोई बीमारी नहीं थी। वहीं मृतक के शरीर पर लाठी डंडे के चोट के कई गहरे निशान भी है। जिससे यह साफ होता है कि उसकी मौत जेल प्रशासन की पिटाई से हुई है। बता दें कि चंदवा के हेसला ग्राम निवासी सेंधू मुंडा डायन बिसाही के मामले में लातेहार जेल में बंद था। जिसकी मौत शनिवार को हो गई थी।

## प्रतुल शाहदेव, पूर्व विधायक प्रकाश राम ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

सूचना के बाद भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, पूर्व विधायक सह भाजपा नेता प्रकाश राम, चंदवा पूर्वी जिपस पति रोहित यादव हेसला गांव पहुंचे व पीड़ित परिवार से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। प्रतुल शाहदेव ने मामले की उच्चस्तरीय जांच करते हुए दोषियों को सजा दिलाने और मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने को लेकर समुचित पहल करने का भरोसा दिया। साथ ही वर्तमान राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में कानून नाम की कोई चीज नहीं रह गई है, जेल के अंदर विचाराधीन कैदी की इस प्रकार मार पीट कर हत्या कर दिया जाना राज्य की कानून व्यवस्था की पोल खोल कर रख दिया है। जब जेल में ही लोग सुरक्षित नहीं रहेंगे तो बाहर क्या उम्मीद की जा सकती है। प्रतुल शाहदेव ने आगे कहा कि मामला मानवाधिकार आयोग के भी संज्ञान में है, शीघ्र मामले में कार्रवाई होगी। इधर अंतिम संस्कार के बाद मृतक का भाई इलिप मुंडा प्रतुल शाहदेव के साथ लातेहार थाना पहुंचकर अपने भाई के साथ घटित मामले को लेकर आवेदन दिया है। जिसमें जेल के पदाधिकारी, जेल सिपाही, कैदी व अन्य लोगो पर मारपीट करने का आरोप लगाया है व न्याय व उचित मुआवजा देने की गुहार लगायी है।

### पत्नी रीना देवी पर टूटा दुःखों का पहाड़

सेन्धु मुंडा के मौत के बाद पत्नी रीना देवी पर दुःखों का पहाड़ टूट गया है। सेन्धु मुंडा अपने पीछे पत्नी रीना देवी समेत तीन बेटियां प्रतिमा कुमारी 13 वर्ष, सीमा कुमारी7 वर्ष, रीमा कुमारी 5 वर्ष व पुत्र निर्मल कुमार 12 वर्ष को अपने पीछे छोड़ गया है। जिनका पढ़ाई-लिखाई, लालन-पालन करना पत्नी रीना देवी के लिए काफी कठिन होने वाला है। रीना देवी ने रोते बिलखते कहा कि मृतक सेन्धु मुंडा घर का एकमात्र कमाऊ सदस्यता था, जिसके असामयिक मौत से पूरा परिवार बिखर गया है। तीन बेटियों व एक बेटा का लालन-पालन कैसे होगा। सरकार प्रतिमाह लालन पालन के लिए उचित मुआवजा दें साथ दोषियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर जेल भेजे।

### जेल में बंद सभी कैदियों की सुरक्षा की गारंटी ले प्रशासनः ग्रामीण

जेल में बंद सेन्धु मुंडा के संदेहास्पद मौत के बाद ग्रामीणों में जेल प्रबंधन और प्रशासन की कार्यशैली के प्रति खासा रोष देखने को मिल रहा है। जेल में बंद कैदियों के परिजनों व ग्रामीणों ने जेल में बंद अन्य सभी कैदियों की जान माल की सुरक्षा की जिम्मेवारी लेने की मांग प्रशासन से की है।

### नेताओं के पहल के बाद शव का अंतिम संस्कार करने को तैयार हुए परिजन

इधर अपनी मांगों को लेकर अड़े परिजन व ग्रामीण नेताओ के समझाने के बाद शव का अंतिम संस्कार करने को तैयार हो गए। जिसके बाद मुखिया बिफई मुंडा व पंसस बुधन गंझू की मौजूदगी में अंतिम संस्कार अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही थी। बता दें कि चंदवा थाना क्षेत्र के लाधुप पंचायत अंतर्गत हेसला गांव में बीते 1 मई की रात्रि डायन बिसाही के शक में आक्रोशित भीड़ के द्वारा वृद्ध दंपत्ति शिबल गंझू व बवनी देवी की निर्मम हत्या कर दी गयी थी। इसी मामले में पुलिस के द्वारा 3 मई को 13 लोगों को गिरफ्तार कर मंडल कारा भेजा गया था। सेन्धु मुंडा उन्ही में से एक था। जिसकी शनिवार को जेल के अंदर संदेहास्पद मौत हो गई थी। शुरूआती जांच में डॉक्टरों ने मौत का कारण दौरा पड़ना बताया था, लेकिन शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोट के निशान देखने के बाद परिजनों ने जेल के अंदर मारपीट किये जाने के कारण मौत होने का आरोप लगाया था।

## स्पीड न्यूज

### कार हुआ दुर्घटनाग्रस्त बाल-बाल बचे कई लोग

**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड के कुटमु मेदनीनगर मुख्य मार्ग में पेट्रोल पंप के समीप अनियंत्रित होकर कार हुआ दुर्घटनाग्रस्त, ग्रामीणों के अनुसार मेदिनीनगर की ओर से बेतला की तरफ वाहन आ रहा था, तेज गति होने के कारण असंतुलित होकर कार पलट गई। जिसमें सवार कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने आनन-फानन में सभी को आनन-फानन में अस्पताल भिजवा दिया ईलाज चल रहा है। इस संबंध में बरवाडीह थाने के एसआई राहुल मेहता ने बताया कि कार को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक घायलों की संख्या और नाम स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### बिजली विभाग के मनमानी के कारण 65 परिवार रह रहे अंधेरे में

**महुआडांड़।** प्रखंड के परहाटोली पंचायत के ग्राम शाहपुर व उदालखाड़ लगभग 65 परिवार बिजली विभाग के मनमानी से 20 दिनों से अंधेरे में रहने को मजबूर है। 20 दिन पहले सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे को अज्ञात वाहन द्वारा धक्के मार कर गिरा दिया गया था। जिसके कारण ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण कार्य बाधित कर दिया गया था। ज्ञात हो कि कुड़ो मोड़ से लेकर बांसकरचा मोड़ तक करोड़ों की लागत से सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। जहाँ कंपनी द्वारा सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे को हटा कर दूसरे जगह लगाने का काम किया जा रहा है। इस क्रम में बिजली के जेई सह एसडीओ दुर्गा सिंह द्वारा कंपनी से खंभे हटाने के नाम पर अब तक एक लाख की वसूली कर चुके हैं। वहीं ग्राम शाहपुर सड़क के आरपार तार जोड़ने के नाम पर कंपनी से 40 हजार की मांग की है। वहीं पैसे नहीं देने पर मुखिया द्वारा लिखित आवेदन मांग कर कंपनी पर केश करने की धमकी दी जाती है। बिजली के इस रवैये से बार बार ग्राम द्वारा सड़क निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न कर दिया जाता है। इस संबंध में परहाटोली पंचायत की मुखिया रीता खलखो ने बताया की बार बार बिजली विभाग के जेई द्वारा कंपनी के खिलाफ लिखित आवेदन मांग जा रहा कि सड़क निर्माण से बिजली आपूर्ति बाधित हो रही। जबकि हकीकत में ऐसा कुछ नहीं है। बिजली विभाग के जेई लगातार 20 दिनों से महुआडांड़ क्षेत्र में नहीं है । जिसे प्रखंड वासियों को नियमित रूप से बिजली नहीं मिल रही है।

### स्वयंसेवी संस्था सेसा ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित चिकित्सक।

**बरवाडीह।** स्वयंसेवी संस्था सेसा पलामू के द्वारा लातेहार जिला के बरवाडीह प्रखण्ड अंतर्गत अति सुदूरवर्ती क्षेत्र मोरवाई पंचायत सचिवालय में वन विभाग की सहायता से एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया हुआ। पलामू व्याघ्र परियोजना के उप निदेशक के निर्देश पर वन कर्मियों ने शिविर में बढ़ चढ़कर सहयोग किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मोरवाई पंचायत के मुखिया आशीष सिंह ने किया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता सेसा के महासचिव डॉ.कौशिक मल्लिक जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यपालक निदेशक डॉक्टर जसवीर बग्गा ने किया। शिविर में ग्राम मोरवाई, बढनिया, सैदूप एवं केतारकला के ग्रामीणों का इलाज किया गया। शिविर में डॉक्टर संतोष सुमन, डॉक्टर सोनल मिश्रा एवं डॉक्टर आकृति ने लगभग 155 मरिजों का इलाज किया और निःशुल्क जांच एवं दवा वितरण किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में अजय कुमार, ज्योति टोप्पो, शशांक शेखर पांडेय, शशि भूषण, सुभाष कुमार, निरल टोप्पो, कृष्णा राम, अख्तर, धर्मेंद्र और सृष्टि आदि का विशेष सहयोग रहा।

## वन विभाग ने साईकल से लकड़ी ले जा रहे तीन लोगों को किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र असर



जब्त साईकल व लकड़ी।

➲ पूछे जाने पर वन विभाग की टीम ने कुछ भी बताने से किया इनकार

खबर मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह/बेतला।** वन विभाग की टीम ने रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर पीटीआर के केड़ ग्राम के पास से साइकल से लकड़ी ले जा रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग द्वारा तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। जिसमें से एक को उसी वक्त छोड़ दिया गया। बता दें कि खबर मंत्र में लगातार प्रमुखता से खबर प्रकाशित किए जाने के बाद विभाग की नींद खुली है, और अब विभागीय अधिकारी अपनी नाकामी छुपाने में लग गए है। गौरतलब है कि वन विभाग की निष्क्रियता के कारण ही पलामू किला बिट में अंधाधुध सागवान के बेशकीमती लकड़ी की कटाई दिन के उजाले में हो रही है, लेकिन विभाग बेखबर बना हुआ है। ऐसे में वन और वन्यप्राणियों की सुरक्षा और संवर्धन कैसे होगा यह अब तक बहुत बड़ा सवाल बना हुआ है। इधर जानकारी मिलने के बाद वन विभाग के वनपाल उमेश दुबे एवं संतोष सिंह से दूरभाष पर पूछे जाने पर उन्होंने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया एवं बात को टालमटोल करते रहें। वही वन क्षेत्र पदाधिकारी शंकर पासवान से मोबाइल पर संपर्क साधा गया। लेकिन उन्होंने फोन रिसीव करना भी मुनासिब नहीं समझा। इधर आम लोग सरकार और वरीय अधिकारियों से वन विभाग की कार्यप्रणाली और पलामू किले के अंदर इमारती सागवान की हुई अंधाधुध कटाई के मामले उच्चस्तीय जांच की मांग कर रहे है। लोगों में यह उम्मीद है कि पीटीआर में बचे हुए इमारती वृक्षो और वन्यप्राणियो को बचाने के लिए सरकार कुछ कड़े कदम जरूर उठाएगी।

## जमीन समस्या के समाधान हेतु अनुमंडल स्तरीय एक दिवसीय का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



सभा में उपस्थित लोग।

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत अंमवाटोली के ग्राम जरहाटोली स्थित सरना पूजा स्थल पर रविवार को प्रखंड के बैंगाही जमीन की समस्याएं के समाधान हेतु अनुमंडल स्तरीय सभा हुई। इस सभा में विभिन्न गांव के किसान, मुण्डा एवं अन्य आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए। बैठक में प्रखंड के सभी बैंगाही जमीन जो पूर्व से समाज की है, इसके वर्तमान स्तिथि पर चर्चा कि गई। महुआडांड़ के बैंगाही भूमि पर दूसरे समाज और अन्य लोग द्वारा किये गए अवैध कब्जा हटाने के लिए सभा में आये समाजिक और जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। सभा को संबोधित करते हुए, जिला परिषद महुआडांड़ इस्तेला नगेसिया ने कहां कि आज जिला में हाल सर्वे (1992) लागू है, हाल सर्वे में बहुत सारी त्रुटियां हैं उसके बावजूद भी लातेहार जिला में लागू कर दिया गया, आज इसका दुष्परिणाम यह हो रहा कि बहुत भूमि गड़बड़ हुई है, पुरानी व्यवस्था किसी और के पास थी, आज हाल सर्वे में खलियान किसी और बन गया है, ऐसे में बेईमान लोग भूमि पर अपना अधिकार एवं कमजोर व्यक्ति को दबाकर कब्जा कर ले रहे हैं, इसी तरह से बैंगाही जमीन भी बहुत सारी गड़बड़ाई है, पुरानी व्यवस्था में बैंगाही जमीन का कोई रसीद नहीं कटता था, वह जमीन समाज कि है। बैंगा पहान द्वारा जमीन पर परंपरा अनुसार शुरू से पूजा पाठ होते आ रहा है। लेकिन हाल सर्वे में गड़बड़ी के कारण अन्य समाज एवं लोग आज ऐसी भूमि का रसीद कटवाकर बाउंड्री मारकर अवैध कब्जा किए हुए हैं। इसे लेकर अंचल एवं अनुमंडल नहीं जिला उपायुक्त लातेहार को भी आवेदन देकर समस्या से अवगत कराया गया है लेकिन इसका हल निकलता नजर नही आ रहा है। इसे लेकर समाज आंदोलन करेगा। दीपलाल नगेसिया, जतरा भगत पड़हा समाजिक संस्था बाहबेरवा विशुनपूर ने अपने संबोधन में कहा कि सभी समाज की अपनी अपनी भूमिका लेकिन उस पर कोई अवैध कब्जा नहीं करता है, मुस्लिम समाज के कब्रिस्तान और मस्जिद, हिंदू समाज के मंदिर और मंडप एवं ईसाई समाज चर्च जमीन पर कोई कविता नहीं करता लेकिन इस क्षेत्र के गरीब आदिवासी जो सामाजिक, आर्थिक एवं शिक्षित रूप से कमजोर है उनकी सामाजिक व्यवस्था की जमीन पर अवैध कब्जा कर दिया गया। हम इस कब्जे को हटाने की मांग करते है। मौके में पड़हा समाजिक संस्था के सूधेश उरांव, हरिया उरांव, समेत महुआडांड के प्रदीप नगेसिया, मंडलदेव नगेसिया, धनकुंवर मुंडा, अनूप मुंडा बसिद मुंडा, मुला बैंगा, महेश्वर बैंगा, रघुवर नगेसिया, प्रदीप उरांव, प्रमिला नगेसिया, सुमित्रा नगेसिया, विनीता नगेसिया, जसिंता नगेसिया एवं भारी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

## छड़-सीमेंट एजेंसी का विधायक ने किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



फीता काटकर उद्घाटन करते विधायक रामचंद्र सिंह।

**बेतला।** राजा इंटरप्राइजेज बेतला नेशनल पार्क के नजदीक दुरभाष केंद्र आईटीआई के समीप कुटमू-बेतला मुख्य मार्ग में अवस्थित राजा इंटरप्राइजेज सह विक्रेता कलाम अंसारी का छड़ सीमेंट एजेंसी का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह और विशिष्ट अतिथि शेखर मेहता के द्वारा संयुक्त रूप से फिता काट कर उद्घाटन किया गया। जहां इस विधायक श्री सिंह ने कहा कि इस तरह का प्रतिष्ठान का खुलना विकास का परिचायक है। साथ ही उन्होंने कहा कि सस्ते और अच्छे दर पर भवन निर्माण संबंधित सभी सामग्री लोगों तक उपलब्ध हो सकेगा वहीं इस दौरान विशिष्ट अतिथि श्री मेहता ने कहा कि इस तरह का छड़ सीमेंट एजेंसी का प्रतिष्ठान का खुलना क्षेत्र वासियों के लिए खुशी की बात है। साथ ही लोगों को भवन निर्माण संबंधित सभी सामग्री छड़ सीमेंट, केमिकल इत्यादि सामग्री लोगों तक उपलब्ध कराई जायेगी। वहीं इस दौरान मौके पर नसीम अंसारी, हाजी खुर्शीद आलम, कांग्रेस जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सलाम अंसारी, पूर्व जीप सदस्य मनान अंसारी, पोखरी कलां मुखिया नीतू देवी, बेतला मुखिया मंजू देवी, कलाम अंसारी, फिरोज अंसारी, गुलाब अंसारी,समीम अंसारी, समसुल अंसारी, मनसूर आलम, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी, अलीहसन अंसारी, प्रिंस राज गुप्ता, शुभम कुमार, अहमद रजा, ओम प्रकाश उर्फ छोटू, उमेश कुमार बैठा समेत काफी संख्या में कई गणमान्य लोग हुए शामिल। मो. अलीमुदीन मियां पोखरी कलां पहला ग्राहक और दुसरा ग्राहक फिरोज अंसारी तुरीटोला ने छड़ सीमेंट एजेंसी का शुभारंभ होते ही इन सभी ग्राहकों ने छड़ सीमेंट का खरीदारी किया।

## हम्मान वाशिंग सेंटर उद्घाटन



उद्घाटन करते पूर्व उप प्रमुख।

**बालूमाथ।** बालूमाथ मुरपा मोड के समीप हम्मान वाशिंग सेंटर नामक प्रतिष्ठान का उद्घाटन बालूमाथ के पूर्व उप प्रमुख संजीव सिन्हा ने फीता काटकर किया। उपस्थित लोगों को प्रतिष्ठान के संचालक मोहम्मद जुगनू खान ने बताया कि इस वाशिंग सेंटर में सभी तरह के टू व्हीलर फोर व्हीलर का वास किया जाएगा। वही संजीव सिन्हा ने कहा कि बालूमाथ में वाशिंग सेंटर खुलने से अब यहां के लोगों को हर तरह के वाहन वाशिंग कराने में सहूलियत होगी। इस मौके पर राम दर्शन तिवारी, मोहम्मद शमीम खान, अमीर हयात, बबलू गुप्ता, मोहम्मद सकुर, राजेश साव, राजू खान, टीपू खान, मोहम्मद अनवर, प्रेम प्रसाद गुप्ता, मोहम्मद एहसान समेत कई लोग मौजूद थे।

## झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक पर अमर्यादित व्यवहार करने का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय एरूद की प्रधानाध्यापिका कुमारी अनामिका ने जिला शिक्षा अधीक्षक लातेहार को पत्र प्रेषित कर झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक सासंग के शाखा प्रबंधक पर अमर्यादित व्यवहार करने को आरोप लगाया है। आवेदन में कहा गया है कि दिनांक 2 मई को एमडीएम पोषण वाटिका की राशि निकासी एवं विद्यार्थियों के खाता संबंधित कार्य को लेकर विद्यालय के अध्यक्ष एवं संयोजिका के साथ उक्त बैंक गई थी, वहां के प्रबंधक द्वारा राशि निकासी को लेकर और मर्यादित एवं अशोभनीय शब्दों का इस्तेमाल किया गया, यहां तक कि उनके द्वारा शिक्षक और पदाधिकारियों को चोर एवं दलाल तक भी कहा गया। शिक्षकों को जबरन धक्का-मुक्की कर बाहर निकालने का आरोप पत्र में लगाया गया है। शिक्षिका ने कहा है कि सहयोगात्मक एवं अमर्यादित व्यवहार सीआरपी सासंग, सीआरसी बारी एवं बीआरसी सेरक के अन्य विद्यालयों कर्मियों के साथ भी रहती है, शिक्षक, अध्यक्ष व संयोजिका बैंक जाने से घबराने लगे हैं। पहले भी इस तरह की घटना दूसरे शिक्षाकर्मियों के साथ घट चुकी है, उन्होंने उच्च अधिकारी से शाखा प्रबंधक के ऐसे कार्रवाई व्यवहार पर आवश्यक विभागीय कार्रवाई हेतु पत्र अग्रसारित करने की मांग की है, अन्यथा संबंधित शिक्षक अध्यक्ष संयोजिका आवश्यक कार्य हेतु बैंक जाने में असमर्थ होंगे। उक्त पत्र में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय परहिया टोला की निशा कुमारी, राजकीय उत्क्रमित विद्यालय रेंची की अन्ना कुजूर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सेरक के प्रभारी विजय प्रकाश लकड़ी के हस्ताक्षर भी अंकित है। मामले में शाखा प्रबंधक प्रमोद कुमार ने बताया कि आरोप बेबुनियाद है, जो भी कार्य होंगे वह नियम संगत होंगे, कुछ शिक्षक जबरन निजी खाता में सरकारी पैसा को हस्तांतरित करने का दबाव बनाते हैं ऐसा नहीं करने पर उनके द्वारा अनर्गल आरोप लगाया जा रहा है। नियम संगत आने वाले सभी खाताधारकों के पैसे का भुगतान किया जाएगा।

## बलराम स्टोन माइंसः युवक के शव का दुबारा पोस्टमार्टम, मामला उलझा

खबर मन्त्र संवाददाता



ग्रामीणो से मामले की जानकारी लेते पूर्व विधायक प्रकाश राम।



जांच की मांग करते खरवार भोगता समाज के उपाध्यक्ष।

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के पिपराडीह ग्राम स्थित बलराम स्टोन माइंस के दो सौ फिट गहरा खाई मे शनिवार को रेंची ग्राम निवासी बालदेव गंझु के पुत्र अजय गंझू का शव को पुलिस ने बरामद कर पोस्टमार्टम के पश्चात परिजनों को शनिवार को सौंपा था। जला शव देखकर परिजन व ग्रामीण निष्पक्ष जांच की मांग करने लगे। पूर्व विधायक प्रकाश राम के पहल पर थाना प्रभारी से निष्पक्ष जांच को लेकर शव को दोबारा पोस्मार्टम कराया गया। मृतक के भाई सुरेश गंझु व परिजन सहित ग्रामीणों ने बताया की पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे शव को देखे तो दोनों जांघ, हाथ के दोनों बांह व छाती सहित कई जगह जलने का निशान था। इससे साफ पता चलता है कि हत्या किया गया है और इसे छुपाने का प्रयास किया जा रहा है।

### शव का दुबारा किया गया पोस्टमार्टम

शनिवार शाम को घटना के सभी बिंदुओ पर लिखित आवेदन थाना को देने गये तो आवेदन देख आवेदन बदलने की दबाव बनाया गया। उक्त सूचना पूर्व विधायक प्रकाश राम को दी गई। सूचना मिलते ही पूर्व विधायक राम रविवार सुबह पीड़ित परिवार से मुलाकात कर पुरे मामलों को बारीकी ढंग से जानकारी लिये। वहीं लातेहार सिविल सर्जन दिनेश कुमार व बारियातू थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी से बात कर बेहतर ढंग से पोस्टमार्टम कर बीसरा फॉरसिंक जाँच करवाने की मांग की। ताकि मौत या हत्या के कारणों मे पारदर्शिता स्पष्ट हो सके। वहीं सिविल सर्जन ने कहा की पुलिस की अनुशंसा पर दुबारा पोस्टमार्टम जरूर किया जायेगा। थाना प्रभारी श्री चौधरी के निर्देश पर क्षेत्र के चौकीदार ने शव को टेम्पु के माध्यम से थाना ले गये। जहां थानेदार ने पीड़ित परिवार से आवेदन लेकर एंबुलेंस से दोबारा पोस्मार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। वहीं खरवार भोगता विकास संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष रामनाथ सिंह भोगता, वीरेंद्र कुमार व अनिता देवी ने सरकार से उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उक्त संबंध मे थानेदार से बात किए जाने पर मुकेश चौधरी ने बताया की परिजन और ग्रामीणों की मांग के आधार पर दुबारा पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

आवेदन के संबंध मे बताया की आवेदन एक व्यक्ति के नाम देना चाहिए था, लेकिन कई ग्रामीणों का हस्ताक्षर था इसलिए सुधार कर आवेदन मांग किए थे। आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

